


The Ano-Rectal Clinic

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

# अब तक किसी को नहीं मिला लगातार दो बार दिल्ली जाने का सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट




● भाजपा ने दोबारा जताया है सांसद आरके सिंह पटेल पर विश्वास

**1957** में राजा दिनेश सिंह बने थे सांसद | **02** बार से यहां भाजपा लगातार जीत रही है

### एक कार्यकाल छोड़कर तीन बार जीते रामसजीवन

चित्रकूट की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले रामसजीवन सिंह की राजनीति के पहलू रोचक हैं। जिले के लोगों ने उन पर कितनी बार विश्वास जताया, यह किसी से छिपा नहीं। उनके नाम एक और रिकार्ड है। यह बात दीगर है कि वह भी लगातार दो बार सांसद नहीं बन पाए पर बांदा-चित्रकूट सीट से वह एक-एक कार्यकाल छोड़कर तीन बार सांसद बने। यानी 1989 में फिर 91 के चुनाव के बाद 96 में, फिर 98 के चुनाव के बाद 99 में उनको जनता ने सांसद चुना।

**अमृत विचार।** राजनीति कब किस करवट बैठ जाए, किसके सपने साकार कर दे, किसके तोड़ दे कहा नहीं जा सकता। भारतीय जनता पार्टी सांसद आरके सिंह पटेल लगातार दूसरी बार पार्टी के टिकट के रथ पर सवार होकर दिल्ली जाने का सपना संजोए हैं। उनके समर्थक भी आशावान हैं पर एक तथ्य है जो उनके माथे पर चिंता की लकीरें गाढ़ी कर सकता है। वह है कि अब तक बांदा-चित्रकूट सीट से कोई भी प्रत्याशी लगातार दूसरी बार दिल्ली नहीं जा सका।

अब तक बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट के लिए भाजपा, सपा ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा से वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल और सपा से शिवशंकर सिंह पटेल। इनके अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी रामचंद्र यादव सरस को मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जिले में राजनीतिक हवा भांपने वाले कहते हैं कि पूरा गणित इसी पार्टी के प्रत्याशी पर टिका है।

उधर, लगातार भाजपा से टिकट पाने वाले आरके सिंह पटेल के समर्थकों का उत्साह आसमान छू रहा है। आपसी बातचीत में ये दावा करते हैं कि पार्टी में आरके के आसपास कोई नहीं है और इसी वजह से भाजपा बार-बार इन पर ही दांव लगा रही है। हालांकि यह भी तथ्य है कि आरके ने पार्टी के विश्वास को गलत नहीं साबित किया। भाजपा में आने के बाद वह पहले मानिकपुर से विधायक बने और फिर वहां इस्तीफा देने के बाद सांसदी का चुनाव लड़े और जीते। हालांकि अब तक के बांदा-लोकसभा सीट के इतिहास को देखा जाए और अगर यही जारी रहा तो आरके सिंह पटेल के समर्थकों को निराशा हाथ लग सकती है। अभी तक किसी भी दल के प्रत्याशी को लगातार दूसरी बार सांसद बनने का अवसर नहीं मिल सका।

आइए, इतिहास के पन्ने पलटते हैं। संविधान सभा के दौरान 17 अप्रैल 1952 से चार अप्रैल 57 तक बांदा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व फतेहपुर के शिवदयाल उपाध्याय ने किया। 1957 में पहला आम चुनाव हुआ और तब कालाकांकर के राजा दिनेश सिंह यहां से कांग्रेस पार्टी से पहले निर्वाचित सांसद चुने गए। 1962 में बांदा की सावित्री निगम भी कांग्रेस के टिकट से सांसद बनीं। 1967 में कांग्रेस का क्रम तोड़कर बांदा के ही पतवन गांव निवासी जागेश्वर यादव सीपीआई के टिकट पर जीते थे। इसके अगले चुनाव में जनसंघ से रामरतन शर्मा जीते थे। 1977 में बांदा निवासी प्रतिनिधियों का क्रम भी टूटा और जनता ने कर्वी निवासी और भारतीय लोकदल के प्रत्याशी अंबिका प्रसाद पांडेय को सांसद बनाकर दिल्ली भेजा।

तीन साल बाद हुए चुनाव में फिर बांदा के रामनाथ दुबे जीते और फिर 1984 में बांदा के ही भीष्मदेव दुबे ने इस सीट का प्रतिनिधित्व किया। दोनों ही कांग्रेस के टिकट से जीते थे। 1989 के चुनाव में सीपीआई के प्रत्याशी रामसजीवन सिंह को जनता ने दिल्ली भेजा। दो साल बाद ही फिर चुनाव हुआ और इस बार भाजपा के प्रकाश नारायण त्रिपाठी विजयी रहे। हालांकि सन् 1996 में हुए अगले चुनाव में रामसजीवन सिंह फिर सांसद बन गए। इस बार वह बसपा से जीते थे।

1998 में भाजपा के टिकट पर रमेश चंद्र द्विवेदी सांसद बने। लगभग एक साल बाद फिर चुनाव हुआ और फिर बसपा से ही रामसजीवन सिंह को दिल्ली जाने का अवसर मिला। 2004 में सपा के श्यामाचरण गुप्ता, 2009 में सपा के ही आरके सिंह पटेल, 2014 में भाजपा के भैरों प्रसाद मिश्रा पर जनता ने विश्वास जताया। इस प्रकार अब तक के रिकार्ड को देखा जाए तो लगातार किसी पार्टी पर तो जनता ने विश्वास जताया है पर किसी प्रत्याशी को लगातार दो बार दिल्ली जाने का सौभाग्य नहीं मिला। ऐसे में भाजपा ने अपने सांसद पर लगातार दुबारा विश्वास जताया है। देखना रोचक होगा कि क्या आरके सिंह पटेल उस विश्वास को कायम रख पाते हैं या फिर अब तक चला आ रहा ट्रेंड कायम रहता है।

## तीन दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं दर्ज

**चित्रकूट।** पैरवी न करने की धमकी देने और गालीगलौज करने के मामले में तीन दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होने से अधिवक्ता रामकृष्ण ने रोष जताया है। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को उनके साथ सब्जी मंडी में कुछ लोगों ने एक मुकदमे की पैरवी न करने को कहा था और इंकार करने पर चाकू लहराकर जान से मारने की धमकी दी थी।

अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपी अपने गुर्गों के साथ उनसे मारपीट पर भी आमादा हो गया था। बताया कि उसी दिन उन्होंने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी थी पर तीन दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पुलिस जांच के नाम पर टरका रही है। उन्होंने आशंका जताई कि आरोपियों से मिलीभगत की जा रही है। बताया कि अगर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो वह कोर्ट की शरण लेंगे।

## एक नजर

### अलग-अलग जगहों पर छापेमारी, शराब बरामद

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी की अगुवाई में पुलिस ने बक्टा खुर्द में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने संतोष कुमार निषाद सहित दो लोगों को 150 लीटर कच्ची शराब, 15 क्विंटल लहन, उपकरण आदि के साथ पकड़ा। एक अन्य महिला को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसआई मुन्नीलाल, शिवमणि मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, आरक्षी दिनेश यादव, धर्मेंद्र द्वितीय, ललित सोनी, रचना प्रजापति और श्यामलली शामिल रहीं।

### संयुक्त टीम ने बरामद की 265 लीटर शराब

**चित्रकूट।** थाना कोतवाली कर्वी, चौकी सीतापुर तथा चौकी खोही परिक्रमा मार्ग की संयुक्त टीम ने कपसेठी में छापेमारी की। राकेश कुमार पुत्र रामाधार निषाद निवासी कटैया खादर हालमुकाम कपसेठी को 265 लीटर कच्ची शराब, तीन क्विंटल लहन व उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह, एसआई मेवालाल मौर्या, गौरव तिवारी, रामेश यादव, आरक्षी अतुल परिहार, अमर, सोनी मिश्रा और राखी शामिल रहीं।

### रंगोली प्रतियोगिता करवाई

**चित्रकूट।** स्वीप योजना के तहत शनिवार को स्कूल-कॉलेजों में मतदाता जागरुकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार, बाबू प्रशांत कुमार इंटर कॉलेज नांदिन कुर्मियान एवं राजकीय महाविद्यालय पाही में मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता हुई। सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय सपहा में छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। निबंध व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# डीएम ने ग्रामीणों में जगाई मतदान की अलख

## एसपी के साथ कई गांवों का दौरा कर देखीं व्यवस्थाएं, दिव्यांग मतदाताओं का अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



मतदान की प्रेरणा देते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी। अमृत विचार



चुनाव जागरुकता संबंधी स्टीकर पढ़ती छात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसके लिए प्रशासन लगातार कोशिश कर रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ कई गांवों का दौरा किया। चौपाल लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम, एसपी ने विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट के अति संवेदनशील बूथ प्राथमिक विद्यालय बारामाफी, प्राथमिक विद्यालय बंदरी एवं विधानसभा क्षेत्र मऊ-मानिकपुर के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय डोंडा माफी एवं प्राथमिक विद्यालय रंपुरिया में व्यवस्थाएं देखीं। विद्यालय परिसर में चौपाल लगाकर डीएम ने 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। दोनों अधिकारियों ने ग्रामवासियों से चुनाव के दौरान होने वाले विवादों की जानकारी भी ली। डीएम ने आश्वस्त किया कि कोई भी मतदाता किसी के प्रलोभन एवं डराने धमकाने तथा बहकावे पर नहीं आए और बिना झिझक किसी भी परेशानी की जानकारी दे। कोई व्यक्ति अगर डराता-धमकाता है या प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी दें। उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, आवास आदि की समस्याएं बताईं। डीएम ने खंड विकास अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए कि जिन लोगों को आवास नहीं मिला है, जांच कर रिपोर्ट दें, जिससे चुनाव के बाद आवास दिलाया जा सके। एसपी ने बताया कि मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। इस दौरान 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं का डीएम, एसपी ने माल्यार्पण किया। छात्राओं से स्टीकर भी चस्पा कराया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, नगर राजकमल, मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार अखिल कुमार, बीडीओ पीयूष त्रिपाठी, बीईओ कृष्ण दत्त पांडेय, थानाध्यक्ष पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल, भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, मारकुंडी मनीष कुमार, मानिकपुर रीता सिंह, चौकी प्रभारी सरैया यदुवीर सिंह आदि अधिकारी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### 80 फीसदी से ज्यादा मतदान का लक्ष्य

डीएम ने सभी बीएलओ को ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य लेकर चलने को कहा। निर्देश दिए कि इस बार 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान कराना है। उन्होंने ग्राम प्रधानों को बूथों पर मतदान के दिन छाया-पानी आदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को निर्देशित किया।

### ग्राम प्रधान को दिया बूथ पर रैंप बनवाने का निर्देश

रंपुरिया गांव में निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्राम प्रधान सरैया को निर्देश दिए कि तत्काल बूथ पर रैंप बनवाएं। अच्छी तरह से इसकी सफाई कराएं। प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्थाएं भी ठीक रहें।

## बतकही

### एक दिन तो जीकर देखो, जिंदगी किसान की

फलाने की जगह आज मैंने बातचीत का विषय छेड़ा, यार फलाने किसान की जिंदगी भी क्या जिंदगी है। पूरा दिन पूरी रात खेत में खटने के बाद जब तक उसकी फसल खलिहान में नहीं चली जाती, तब तक उसकी सांसें अटकी रहती हैं। फलाने ने मेरी ओर ऐसे देखा, जैसे उसने आंखों में ही प्रशंसा की हो, बोला... हां यार सही कह रहे हो। हम लोग किसान की जिंदगी पर कई बार चर्चा कर चुके हैं पर यह ऐसा मुद्दा है, जिसकी जितनी पर्तें खोलो दर्द ही दर्द है। अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, सूखा आदि की मार सहन करता हुआ किसान फसल पक जाने के बाद भी अनिश्चितता के झूले में झूलता रहता है। मैंने उसी बात को आगे बढ़ाया, अब देखो न फसल पक चुकी है, कई जगह कटकर खेतों में पड़ी है तो कई जगहों पर कटनी है। ऐसे में आए दिन कहीं न कहीं आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। खेतों के ऊपर से निकले तारों की चिंगारी किसान की मेहनत को पल भर में खाक कर रही हैं और मुआवजा के नाम पर क्या होता है, किसको मालूम नहीं...। फलाने ने मेरी बात पूरी होने से पहले ही किसानों के दर्द को आगे बढ़ाया, तुमको मालूम है कि किसानों के सामने अब एक और दिक्कत आ रही है। वो क्या, मैंने पूछा। फलाने ने कहा, इन्हीं आपदाओं और अनिश्चितता को देखकर बड़ा हुआ किसान का बेटा अब खेती किसानी नहीं करना चाहता। मैं बहुत से ऐसे किसानों को जानता हूं, जिनके बेटों ने खेती बेचकर व्यापार कर लिया, शहरों में बस गए। हां यार, फलाने की बात की पुष्टि करते हुए मैंने कहा, मैं भी ऐसे किसानों को जानता हूं जो अब खेती को घाटे का सौदा मानने लगे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। कल्पना करो, अगर सभी किसान यही करने लगे तो लोग क्या रुपये पैसे खाएंगे। समय आ गया है, जब किसान और किसानी को लेकर सबको गंभीरता से सोचना होगा। मेरी बात सुनते हुए फलाने ने कहा, हम तुम गर्मी में दिनभर कूलर एसी और जाड़े में रजाई, स्वेटर के नीचे रहने वाले लोग किसान की जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकते।...एक दिन तो जीकर देखो जिंदगी किसान की, कैसे वो मिट्टी से सजा देता है थालियां हिंदुस्तान की...।

## प्रतिभा




बालापुर, खोही निवासी नवल पटेल और बसंती देवी का पुत्र यश विलक्षण प्रतिभा का धनी है। यश आंखों पर पट्टी बांधकर सुई में धागा डाल लेता है, अखबार पढ़ लेता है, साइकिल चला लेता है। इसके अलावा वह विभिन्न प्रकार के रंग और महापुरुषों के चित्र भी बिना देखे पहचान लेता है। यश के पिता रेलवे में अभियंता और मां शिक्षिका हैं। होनहार यश का नवोदय विद्यालय में कक्षा नौ में चयन हुआ है। शनिवार को तीर्थक्षेत्र के संत मदनगोपाल दास ने यश को स्वर्णिम भविष्य का आशीर्वाद दिया। अमृत विचार




ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित करते एसडीएम, सीओ व अन्य। अमृत विचार

# जिम्मेदारी से चलाएं मतदाता जागरुकता अभियान:एसडीएम

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील अंतर्गत गांव रायपुर के प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा और क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने ग्राम प्रधान और कर्मचारियों के साथ बैठक की। एसडीएम ने निर्देश दिए कि जागरूकता अभियान पूरी जिम्मेदारी से चलाएं कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान को प्रेरित हों।

एसडीएण ने मतदान केंद्रों की सफाई, पेयजल व्यवस्था, बाउंड्री वाल, रैंप आदि की व्यवस्थाओं के लिए ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया। लोगों से कहा कि किसी के बहकावे में आकर मताधिकार के प्रयोग से वंचित न हों। महिलाओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। एसडीएम ने दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की जानकारी की। बताया कि इनको मतदान स्थल तक ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था कराई जाएगी। बताया कि कोई शिकायत होने पर मोबाइल 9454415962 पर अवगत कराएं। कहा कि अधिक से अधिक मतदान होने से लोकतंत्र मजबूत होता है, जो देश के विकास के लिए आवश्यक है।

इस मौके पर राजस्व निरीक्षक फूलचंद, लेखपाल शारदा संगम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवनारायण तिवारी, प्रधानाध्यापक कुमार गौरव मिश्रा, आनंद कुमार तिवारी आदि शिक्षकों के अलावा सुखराम, मोहम्मद हलीम, हीरालाल, मोतीलाल, कामता प्रसाद, लालमन, देशराज, केशनिया आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# डूबने से सगी बहनों सहित तीन बच्चों की मौत

संवाददाता, रामनगर/मऊ (चित्रकूट)

● रैपुरा में तालाब में नहाने गईं दो बच्चियां डूबीं, यमुना नदी में डूब गया ग्रामीण का इकलौता बेटा

**अमृत विचार।** रैपुरा थानांतर्गत बसावनपुर गांव के तालाब में नहाने गईं दो मासूम बहनें गहरे पानी में चली गईं। देर तक घर वालों को पता नहीं चला। जानकारी होने के बाद इनको निकाला गया पर तब तक दोनों की सांसें थम चुकीं थीं। उधर, मऊ थानांतर्गत बरहा कोटरा गांव में यमुना नदी में डूबकर एक मासूम की जान चली गई। वह घर का इकलौता बेटा था।

रैपुरा थानांतर्गत बसावनपुर गांव में शनिवार अपराह्न दो सगी बहनें आफरीन (8) और भुन्नूर ( 10) पुत्री अब्बास अली गांव की अन्य हमउम्र लड़कियों के साथ तालाब में नहाने गई थीं। बताया जाता है कि इस दौरान आफरीन गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी, इस पर भुन्नूर ने उसे बचाने की कोशिश की और दोनों डूब गईं। अन्य बच्चियां डरकर घर चली गईं और किसी को कुछ नहीं बताया। जब देर तक दोनों बहनों का कहीं पता नहीं चला तो खोजबीन शुरू की गई। परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों को तालाब से निकाला पर दोनों की मौत हो चुकी थी। सीओ निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि एसओ रैपुरा शैलेंद्र चंद्र पहुंचे और बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उधर, मऊ थानांतर्गत बरहा कोटरा गांव में यमुना नदी में डूबने से एक मासूम की मौत हो गई। शनिवार की सुबह रोजाना की तरह गांव के लोग यमुना नदी में नहा रहे थे। गांव निवासी शैलेंद्र का साढ़े तीन साल का बेटा अंशू भी बहन के साथ वहीं नहा रहा था। इसी दौरान वह गहराई में चला गया जिससे वह डूब गया। भाई को डूबता देख बहन चिल्लाई तो आसपास के लोगों ने नदी में बच्चे की खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद बच्चे को नदी से निकाला और सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

धर्म-आध्यात्म | श्री रघुवीर मंदिर में रामकथा के चौथे दिन सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

# रामकथा में सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)



कथावाचक किशोरीशरण।



रामकथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा जानकीकुंड में नौ दिवसीय रामकथा के चौथे दिन कथावाचक किशोरीशरण मधुकर ने शिव से विवाह के बाद पार्वती की विदाई की कथा सुनाई। उन्होंने लोगों को दहेज जैसी कुप्रथा से दूर रहने की सलाह दी।

कथावाचक ने बताया कि जब राजा हिमांचल और रानी मैना ने पुत्री माता पार्वती की विदाई की तो वह साथ में दास-दासी, सोना- चांदी आदि तमाम वस्तुएं देते हैं। इतना सब कुछ देने के बाद भी राजा हिमांचल भगवान शिव के पैर पकड़कर रोते हुए प्रार्थना करते हैं कि हे प्रभु, मैं आपको कुछ नहीं दे पाया। मैं आपके देने लायक नहीं हूं। कथावाचक ने श्रोताओं को प्रेरणा दी कि दहेज न ही लेना चाहिए और न देना चाहिए। कथाप्रसंग आगे बढ़ाते हुए बताया कि जब माता-पिता की लाडली बेटी माता पार्वती विदा होने लगीं तो उन्होंने कहा कि बेटी उमा अत्यंत सुकुमारी और प्राणों से प्यारी है। इससे कभी कोई भूल हो जाय तो प्रभु इसे क्षमा करिएगा। मां मैना के ये वचन सुन भगवान भोलेनाथ भी भावुक हो गए। मैना ने माता पार्वती को गोद में बिठाकर शिक्षा दी कि पति के चरणों की सेवा करना। पति से बड़ा कोई देवता नही होता और पति सेवा से बड़ा कोई धर्म नही होता। कथावाचक ने कथा का सार बताते हुए कहा कि जीवात्मा पार्वती है और परमात्मा उसके पति हैं। पतियों के भी पति परमपिता परमेश्वर हैं अर्थात प्रत्येक जीवात्मा के पति परमात्मा हैं, यही मानव जीवन का परम धर्म है। इस दौरान साधु-संत, कई प्रांतों से पहुंचे गुरु भाई बहन एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण आज 10 बजे

**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के तत्वाधान में कर्वी के कोलगदहिया गांव में रविवार सुबह दस बजे से हज प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। यह जानकारी देते हाजी रज्जन अली ने बताया कि अल्हाज गुलाम मुस्तफा मुख्य प्रशिक्षक होंगे।



अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# नवरात्र की अष्टमी को खत्री पहाड़ में रहतीं माता विंध्यवासिनी

धर्म-अध्यात्म

राघव तिवारी , गिरवां (बांदा)

- मां योगमाया के शाप से सफेद रंग का हो गया गिरवां का खत्री पहाड़
- मां दुर्गा के 108 शक्तिपीठों में शामिल है विंध्यवासिनी का दरबार


गिरवां में स्थित मां योगमाया से शापित खत्री पहाड़।


पहाड़ में स्थित मंदिर में विराजमान मां की प्रतिमा।

**अमृत विचारः** सिद्धिदात्री मां विंध्यवासिनी ने मिर्जापुर धाम में विराजने से पहले शेरपुर (गिरवां) को अपने निवास के रूप में चुना था, लेकिन मां के रौद्र रूप से घबराये पर्वत ने उनका भार सहन करने से इन्कार कर दिया था, जिससे नाराज होकर मां विंध्यवासिनी ने पर्वत को कोढ़ी हो जाने का श्राप दे दिया था। हालांकि बाद में पर्वत के क्षमा मांगने पर मां ने उसे नवरात्र की अष्टमी को उस पर्वत पर विराजने का वरदान भी दिया, लेकिन तभी इस पर्वत के पत्थर काले से सफेद हो गये। नवरात्र की अष्टमी को मां का दरबार पर्वत पर विराजी मां विंध्यवासिनी के मंदिर में लगता है और मंदिर के नीचे स्थित मां के पट बंद रहते हैं।

किंवदंती द्वापर युग की बताई जाती है। देवकी और वासुदेव की सात निरीह संतानों की हत्या कंस ने महज इसलिये कर दी, क्योंकि उसकी सबसे प्रिय बहन देवकी की विवाह के बाद विदाई के समय आकाशवाणी हुई थी कि जिस बहन को तू इतने प्यार से विदा कर रहा है उसी का आठवां पुत्र तेरा काल होगा। बस इसी सच को कंस हजम नहीं कर पाया और उसने बहन को विदा करने के बजाय पति वासुदेव समेत कठोर कारागार में डाल दिया। आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण ने स्वयं अवतार लिया।

वासुदेव बालक श्रीकृष्ण को लेकर गोकुल गये, जहां यशोदा ने एक कन्या को जन्म दिया था। बालक कृष्ण को यशोदा के पास लिटाकर कन्या को अपने साथ ले आये। कंस को जैसे ही पता लगा उसने आकर देवकी से उस कन्या को छीन लिया और जैसे ही कन्या को हवा में उछाला कन्या ने मां योगमाया का रूप धारण कर लिया और अट्टहास कर कहा कि उसे मारने वाला अवतार ले चुका है। मां ने भक्तों का कल्याण करने के लिये शेरपुर (गिरवां) स्थित विशाल पर्वत को चुना, लेकिन मां के उस रौद्र रूप को देखकर घबराये उस पर्वत ने माता का भार सहन करने से इन्कार कर दिया। इस पर मां और भी अधिक क्रोधित हो गईं और पर्वत को कोढ़ी हो जाने का श्राप दे दिया। इसके बाद मां योगमाया विंध्यवासिनी के रूप में मिर्जापुर में विराजमान हो गईं। इधर कोढ़ी हो जाने का श्राप मिलने से पश्चाताप में डूबे उस पर्वत ने मां से क्षमा मांगी। मां विंध्यवासिनी ने पर्वत को वरदान दिया कि नवरात्र की अष्टमी के दिन वह मिर्जापुर धाम को छोड़कर उस पर्वत पर आकर विराजेंगी। तभी से नवरात्र की अष्टमी के दिन पर्वत पर विराजीं मां विंध्यवासिनी के दर्शन और उनसे अपने मन की मुरादें मांगने वाले भक्तों की अपार भीड़ लगती है।

### अस्मिता बचाने को शिला में समा गई कन्या

शेरपुर गांव की एक कथा और इस मंदिर के संबंध में प्रचलित है, जो बहुत पुरानी नहीं है। बताया जाता है कि नीयत खराब होने के कारण कुछ अराजकतत्व एक कन्या का पीछा कर रहे थे, दौड़ती हुई वह कन्या उसी पर्वत के नीचे सीढ़ियों पर जा पहुंची और रक्षा के लिये मां विंध्यवासिनी को पुकारा। अचानक उसके बदन में बिजली की तरह फुर्ती आ गई और वह देखते ही देखते पर्वत के शिखर पर पहुंच गई। अराजकतत्व पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गये। अब उस कन्या का इन अराजक तत्वों के चंगुल से बच पाना मुश्किल हो गया। मां की शक्ति से ही वह एक शिला में समा गई। दो भागों में बंट चुकी इस शिला के भीतर आज भी मां के नौ स्वरूपों में दर्शन विद्यमान हैं।

### चार दशक पहले बना माता का भव्य मंदिर


पहाड़ के नीचे बने मंदिर में विराजमान माता की प्रतिमा।

पर्वत पर तो मां विंध्यवासिनी के मंदिर का निर्माण बहुत पुराना है, जो कि चूना-पत्थर से बना है, लेकिन पर्वत के नीचे जो मंदिर है, उसके निर्माण के संबंध में कहा जाता है कि तकरीबन चार दशक पहले मां विंध्यवासिनी ने गिरवां के ब्राह्मण परिवार बद्री प्रसाद दुबे की नातिन शांता को स्वप्न में दर्शन दिए और इच्छा प्रकट की, कि पर्वत के नीचे भी उनके मंदिर की स्थापना कराई जाए। मां वहां श्रद्धालुओं को दर्शन देंगी तभी गांव और स्थानीय निवासियों के प्रयास से यहां विशाल मंदिर का निर्माण कराया गया और मां विंध्यवासिनी की प्राण प्रतिष्ठा कराई गयी। तभी से पर्वत के नीचे विशाल मेले का आयोजन होने लगा।

### नवरात्र भर मां के दरबार में लगता भव्य मेला

मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूरी पर गिरवां थाना क्षेत्र के अकबरपुर चौकी स्थित सिद्धिदात्री विंध्यवासिनी मंदिर में कई वर्षों से लगातार नवरात्रि में मेला लगता है। 10 दिन तक यहां पर लाखों की तादाद में श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने माता रानी के दर्शन करने के लिए आते हैं। इसमें मध्य प्रदेश के छतरपुर, सतना, पन्ना, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा, महोबा, हमीरपुर, चित्रकूटसमेत दूर-दूर से भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। हर वर्ष यहां पर शतचंडी महायज्ञ रामलीला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। श्री विन्ध्यवासिनी मंदिर कमेटी के प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार शुक्ला बताते हैं कि मेला में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए मेला कमेटी ने सारे प्रबंध किए हैं।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से किसान की मौत

## बाजार से मटर बेच कर बाइक पर वापस घर जा रहा था किसान

कार्यालय संवाददाता, बांदा


दुर्घटना के बाद रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मटर बेच कर बाइक से गांव जा रहे किसान को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी रामफल (35) पुत्र रामगोपाल किसानी करता था। वह शुक्रवार को मटर बेचने बांदा आया था। शाम को वह बाइक से गांव जा रहा था। तभी महोखर के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगो ने देखा तो उसे उठाकर तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान उसके पास से निकले मोबाइल नबंर पर पुलिस ने घरवालो को सूचना दी । मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा मईयादीन ने बताया कि रामफल अपने पिता की इकलौती संतान था। उन्होंने कहा की उसकी जेब से कुछ रूपए भी गायब थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**नरैनी :** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक ट्रैक्टर के पहिए में फंस गई। चालक काफी दूर तक घायलों को घसीटते हुए ले गया। कोतवाली क्षेत्र पनगरा गांव निवासी राकेश उर्फ बन्ना यादव (32) पुत्र शिवदीन शनिवार को सुबह बिसंडा निवासी अपने रिश्तेदार शिवकुमार (28) पुत्र रामसिया के साथ मध्यप्रदेश के सेजवारा गांव स्थित बरम बाबा देव स्थान जा रहा था। सढा गांव के मजरा मालिकपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक ट्रैक्टर के पहिया में फंस गई। चालक काफी दूर तक बाइक सवारों को घसीटते हुए ले गया। मौके पर निकल रहे राहगीरों ने ट्रैक्टर रुकवाया और बाइक को बाहर निकाला। दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां हालत नाजुक बताकर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

### मेला में खोए दो बच्चों को पुलिस ने खोज निकाला

**बांदाः** आपरेशन मुस्कान के तहत अकबरपुर पुलिस चौकी पुलिस ने खत्री पहाड़ विंध्यवासिनी मेला में मां-बाप से बिछड़े दो मासूम बच्चों को चंद घंटों में बरामद करते हुए परिजनों को सौंप दिया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों के चेहररे खुशी से खिल उठे। परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर दूर गिरवां थाना क्षेत्र के अकबरपुर चौकी अंतर्गत स्थित खत्री पहाड़ विंध्यवासिनी देवी मंदिर में चैत्र और शारदीय नवरात्र पर यूपी और सीमावर्ती मध्य प्रदेश के जिले के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। पहाड़ पर विराजमान देवी के श्रद्धालु दर्शन करते हैं। नवरात्र के दौरान पहाड़ के नीचे विशाल मेला लगता है। सुरक्षा के मद्देनजर गिरवां थाना और अकबरपुर चौकी पुलिस का फोर्स तैनात रहता है। शनिवार को परिजनों के साथ घूमने आए दो बच्चे गुम हो गए। परिजनों ने बच्चों के गुम होने की सूचना पुलिस को दी। मेला क्षेत्र में चौकी प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया, प्रशिक्षु उप निरीक्षक आंकाक्षा मिश्रा और कांस्टेबिल प्रदीप व दीपक एक घंटे की तलाश के बाद बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

# जिला पंचायत सदस्य और डॉक्टर के बीच हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- ट्रामा सेंटर में काफी देर होता रहा हंगामा,पुलिस पहुंची
- डॉक्टर ने नहीं दी कुर्सी तो जिपं सदस्य हुए नाराज


जिला अस्पताल में डॉक्टर और डीडीसी के बीच होती बहस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ट्रामा सेंटर में डॉक्टर द्वारा कुर्सी न देने से नाराज जिला पंचायत सदस्य और डॉक्टर के बीच विवाद हो गया। इससे ट्रामा सेंटर में हंगामा मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया।

शहर के खाईपार मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय रामबाबू ई रिक्शा चलाता है। वह शुक्रवार की रात बस से उतरा माल लादने गया था। इसी बीच पास में खड़े युवक से ई रिक्शा चालक के सिर पर चाबी मार दिया। जिससे वह लहू लुहान हो गया। घायल हो ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। इसी बीच बबेरू के जिला पंचायत सदस्य भी अस्पताल पहुंच गए।

रामबाबू के परिजनो का आरोप था कि डॉक्टर ने उसे बाहर की दवा लिख दी है। इस पर जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर के पास पहुंच गया। और डॉक्टर से तेज आवाज में बात करने लगे। इसी बात को लेकर डॉक्टर और जिला पंचायत सदस्य के बीच बिवाद हो गया। इससे ट्रामा सेंटर में अफरा तफरी मच गई। डॉक्टर ने मामले की जानकारी कोतवाली प्रभारी को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया। डॉक्टर एसके मौर्या का कहना है कि युवक घायल अवस्था में आया था। उसका इलाज भी किया गया। इसी बीच बिना परिचय दिए हुए जिला पंचायत सदस्य आए और ऊची आवाज मे बात करने लगे। कहने लगे तुम मुझे जानते नही हो मै जन प्रतिनिधि हूं। डॉक्टर का कहना है कि कुर्सी न देने पर यह नोक झोक हुई है। उधर सीएमएस डॉक्टर आर के गुप्ता का कहना है कि सूचना मिली थी। जब तक वह ट्रामा सेंटर पहुंचे तब तक पुलिस ने मामले को शांत करवा दिया था।

# प्रेमी ने ठुकराया, युवती ने जान दी

**बांदाः** शादी से इनकार करने पर गर्भवती युवती ने प्रेमी के खेत में लगे नीम के पेड़ पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लू। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मर्का थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय गर्भवती युवती शनिवार की सुबह खेत जाने की बात कह कर ष्घर से निकल गई। उसने प्रेमी के खेत में लगे नीम के पेड़ पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने शव फंदे पर लटकता देखा तो घरवालो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहरम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनो और ग्रमीणो की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरा लिया। मृतका के पिता ने बताया कि उसकी बेटी का उसके पारिवारिक भतीजे से प्रेम सबंध थे। भतीजे का काफी दिनो से घर आना जाना था। उसकी बेटी के ढाई महीने की गर्भवती थी। तीन दिन पहले जब बेटी की हालत बिगड़ी तब घरवालो ने उससे पूछताछ किया। युवती ने आप बीती अपने घरवालो को बताया पिता ने प्रेम युवक से शादी करने की बात कही इस पर युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। इस बात की जानकारी युवती को हो गई। इसी से क्षुब्ध होकर युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। थानाध्यक्ष मर्का का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खनिज विभाग ने वसूला 22519.60 लाख राजस्व

**बांदा :** जनपद में खनिज विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वर्ष 2023-24 में 22519 .60 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो पिछले तीन वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। जनपद में अतिरिक्त उप खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व ओरवरलोडिंग के विरूद्ध शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी तथा सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारियों, खान अधिकारियों, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, वाणिज्यकर अधिकारी की संयुक्त टाक्स फोर्स गठित की गई थी।

### बिजली गिरने से महिला की मौत

**पैलानीः** बारिश के साथ आकाशीय विजली गिरने से पत्नी की मौत हो गई। जबकि उसका पति बुरी तरह झुलस गया। थाना क्षेत्र के खरेई गांव निवासी प्रेमीलाल निषाद (35) अपनी पत्नी शकुंतला (32) के साथ गांव के ही वाजपेई के बोर के समीप फसल काटने गए हुए थे। शुक्रवार की शाम करीब साढे छह बजे तेज बारिश होने लगी। भीगने से बचने के लिए दोनों लोग नजदीक स्थित घास फूस की बनी मड़ैया में बैठ गए। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरने से दोनों झुलस गए। ग्रामीणो से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेस से दोनों को जिला अस्पताल भेज कर भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान पत्नी ने दम तोड़ दिया।

# संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता,बांदा


मर्दन नाका में जाम लगाए परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की घर के बाहर मौत हो गई। घरवालों का आरोप है कि दो युवको ने उसे जहरीला पदार्थ पिला कर मार डाला। कार्रवाई को लेकर परिजन एसपी आवास पहुंच गए। पुलिस ने आश्वासन देकर उन्हे चलता कर दिया। देरशाम परिजनों ने मर्दन नाका में सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।

शहर के मर्दन नाका हरदौल तलैया इजराइल (26) पल्लेदार था। शुक्रवार रात वह घर के बाहर अचेत अवस्था में पड़ा था। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। घरवालो ने उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की बहन शहरून ने बताया कि शुक्रवार को इजराइल के दो साथी जबरन आटो में बैठाकर घर से लिवा ले गए। आरोप लगाया कि दोनो लोगो ने इजराइल को मारपीट कर जबरन जहरीला पदार्थ पिला कर मार डाला। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया। कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन एसपी आवास पहुंच गए। इस पर पुलिस ने आश्वासन देकर चलता कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को मर्दननाका में सड़क पर रख कर जाम लगा दिया। परिजनों की मांग है कि मामले को लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग बुलंद की। समाचार लिखे जाने तक परिजन सड़क पर जाम लगाए थे।

लोकसभा चुनाव

भाजपा जनप्रतिनिधियों की बैठक में चुनाव को लेकर मांगे गए सुझाव

# 'भारत को सोने की चिड़िया नहीं सोने का शेर बनाना है'

कार्यालय संवाददाता,बांदा



बैठक को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। विपक्षी दलों को तगड़ी मात देने के लिए भाजपा लगातार बैठकें करके पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जीत सुनिश्चित करने की कवायदों में जुटी है। इसी क्रम में जिला कार्यालय में आयोजित तीन सत्रों की बैठक में भाजपा प्रदेश सह प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों, सहकारिता जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए सुझाव मांगे। कहा कि भारत को सोने की चिड़िया नहीं सोने का शेर बनाना है। फिर एक बार मोदी सरकार बहुत जरूरी है।

जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजीव चैरसिया ने पहले सत्र में विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष तथा सदस्य, ब्लाक प्रमुखों और चेयरमैनों के साथ बैठक करते हुए लोकसभा चुनाव को लेकर सुझाव मांगे। साथ ही अब तक किए गए कामों की जानकारी ली। प्रदेश सह प्रभारी ने सी श्रेणी के बूथों पर फोकस करते हुए कहा कि जिन बूथों में पन्ना प्रमुख नहीं बने वहां खुद ही संगठन की संरचना में समाहित होकर पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य करें। लाभार्थी संपर्क घर-घर संपर्क अभियान, माइक्रो डोनेशन, नमो ऐप डाउनलोड करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वोटिंग के एक दिन पहले तक संपर्क अभियान चलाना है। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, क्लस्टर प्रभारी अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, लोकसभा संयोजक बालमुकुंद शुक्ला तथा सांसद आरके पटेल आदि ने भी संबोधित किया।


# कार्यालय नगर पंचायत नरैनी-बांदा

पत्रांक: 384/न0पं0 नरैनी / गृहकर नामान्तरण / 2023-24 दिनांक: 12 अप्रैल 2024

## सार्वजनिक सूचना
## (म्यून्सिपल एक्ट 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरैनी बांदा क्षेत्रान्तर्गत स्थित भवनों के नाम परिवर्तन किये जाने है। जिस हेतु रजिस्टर्ड प्रलेख/आवेदन पत्र के प्राप्त प्रकरणों पर म्यू0एक्ट -1916 की धारा 147 (2) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नामान्तरण की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है आपत्ति अपनी-अपनी आपत्तियां लिखित रूप से साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत नरैनी में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। तदनुसार/नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। नामान्तरण कार्यवाही हेतु प्रस्तावित प्रकरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | वार्ड न0 | भवन स0 | विक्रयकर्ता का नाम व पिता/पति का नाम (पूरा पता) | क्रेता का नाम / पिता/ पति का नाम (पूरा पता) | नामान्तरण हेतु प्रकरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 | – | बाबूलाल पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी- मथुरा का पुरवा नरैनी- बांदा | राजेश कुमार पुत्र बाबूलाल नि0 सुभाष नगर नरैनी बांदा | रजिस्टर्ड बैनाना |
| 2 | 01 | – | मनोज कुमार पुत्र त्रिभुवननाथ व आशा पुत्री सहादेव नि0 नरैनी- बांदा | धर्मराज पुत्र गगाचरन नि0 देविन नगर नरैनी- बांदा | रजिस्टर्ड नोटरी |
| 3 | 08 | – | लखन पुत्र भगवानदीन नि0 सुभाष नगर नरैनी- बांदा | श्रीमती सुलोचना पत्नी गणेश प्रसाद नि0 सुभाष नगर- नरैनी-बांदा | रजिस्टर्ड नोटरी |
| 04 | 07 | – | शिरोमणि पुत्र रामप्यारे व कौशी पत्नी दुर्जन नि0 राज नगर नरैनी- बांदा | ऊषा देवी पत्नी सुरेश कुमार नि0 राज नगर नरैनी- बांदा | रजिस्टर्ड नोटरी |
| 05 | 08 | – | रामसोहावन पुत्र जगन्नाथ निवासी पटेल नगर नरैनी- बांदा | सुनैना देवी पत्नी द्वारिका प्रसाद नि0 सुभाष नगर नरैनी- बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 06 | 07 | – | राजकिशोर पुत्र राजाराम निवासी नरैनी-बांदा | राजकिशोर पुत्र सरजू निवासी राज नगर नरैनी-बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 07 | 03 | – | मातादीन पुत्र स्व0 जगदीश नि0 कृष्ण नगर नरैनी / नौगवां तह0 नरैनी- बांदा | मइयादीन पुत्र स्व0 जगदीश नि0 कृष्ण नगर नरैनी-बांदा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 08 | 01 | – | राम कृष्ण मिश्रा पुत्र अशोक कुमार मिश्रा नि0- देविन नगर नरैनी- बांदा | कुसमा देवी द्विवेदी पत्नी रामकिशोर | रजिस्टर्ड वैनामा |
| 09 | 01 | – | रामस्वरूपप पुत्र दादू पुत्र छोटा नि0 राम नगर नरैनी-बादा | राजकरन व रबीन्द्र प्रसाद पुत्रगण चन्द्रभान रामनगर नरैनी-बांदा | रजिस्टर्ड नोटरी |
| 10 | 01 | 29 | बुटूबाई उर्फ रानीबाई पत्नी चुनुवाद नि0- देविन नगर नरैनी - बांदा | चुनुबाद पुत्र सुमेरा निवासी- देविन नगर नरैनी- बांदा | वरासतन |
| 11 | 10 | 115 | मो0 वसीर पुत्र स्व0 इलाहीबक्स व तुफैल पुत्र स्व0 मो0 वसीर व इसरार पुत्र स्व0 शरीफ अहमद निवासी- नरैनी - बांदा | नफीस अहमद व अतीक अहमद पुत्र स्व0 मो0 वसीर नि0 किदवई नगर नरैनी - बांदा | वरासतन / आपसी समझौता |
| 12 | 04 | | बलराम पुत्र कल्लू उर्फ बल्लू नि0 मोतियारी तह0 नरैनी- बांदा | सुनीता गुप्ता पत्नी सुरेश कुमार गुप्ता नि0 शास्त्री नगर नरैनी-बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 13 | 06 | – | प्रेमचन्द्र सिंह पुत्र रामकुमार नि0 डोमानी गुढाकला तह0 नरैनी- बांदा | राजकुमार पुत्र रामकृपाल नि0 इन्दिरा नगर नरैनी-बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |

**अधिशाषी अधिकारी/उपजिलाधिकारी**
**नगर पंचायत नरैनी - बांदा**

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी को पकड़ा

**महोबा।** थाना खरेला प्रभारी निरीक्षक गोपालचंद्र द्वारा क्षेत्र में वांछित और वारंटी अभियुक्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उपनिरीक्षक सुनील कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोबा द्वारा निर्गत वारंट में वांछित सुनील (28) पुत्र लाल श्रीवास निवासी ग्राम पुन्निया खरेला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया है।

### चरखारी में बिजली का लोड चेक किया गया

**महोबा।** नगर चरखारी में बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर बिजली के मीटर व लोड चेक किया गया। साथ ही बकाएदारों को समय से बिजली बिल जमा करने को कहा गया। एसडीओ अखिलेश कुमार के नेतृत्व में मीटर रीडर मुबीन अख्तर, रोहित कुमार, अमित पाल सहित तमाम बिजली कर्मियों के साथ नगर के तुर्कियाना, झंडा बाजार सहित अन्य मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाकर बिजली लोड चेक किया गया। अधिक लोड होने पर उपभोक्ताओं के मीटर का लोड भी बढ़ाया। एसडीओ ने बताया कि उपभोक्ता पावर हाउस जाकर अपने अपने बिलों को समय से जमा कर दें। टीम ने इस दौरान यह भी देखा कि कहीं बिजली की चोरी तो नहीं की जा रही है।

# शहर में नलों से सिर्फ आधा घंटा जलापूर्ति, पेयजल का संकट

## ऊंचाई वाले इलाकों में नलों की टोटियां सूखीं, हैंडपंपों पर मची मारामारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



पानी भरने के लिए नंबर का इंतजार करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी बढ़ने के साथ शहर में पेयजल का संकट बढ़ गया हैं। पानी को लेकर मारामारी मची है। शहर में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। हालत यह है कि बमुश्किल बीस से तीस मिनट नलों में पानी आ रहा है। जबकि ऊंचाई के इलाकों और मेन लाइन से दूर रहने वाले लोगों के घरों में एक बूंद पानी नहीं पहुंच रहा है। नलों की टोटियां सूख गई हैं। इससे पानी को लेकर हा हाकर मची हुई है। हैंडपंपों और कुओं में पानी के लिए लोगों की सुबह से भारी भीड़ जुटी रही। अप्रैल माह में पानी की समस्या का आलम यह है तो लोग मई जून में पानी को लेकर लोगों का क्या होगा।

गौरतलब है कि शहर में मदन सागर और उर्मिल बांध से पानी की आपूर्ति की जाती है। सरकार द्वारा पेयजल योजना में करोड़ों खर्च के बाद भी पानी की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। बांध और सरोवरों में पानी होने के बाद भी जल निगम सप्लाई करने में नाकाम साबित हो रहा है, जिससे लोगों में पानी को लेकर हायतौबा मची हुई है। अब लोग पानी के लिए मजदूरी और दुकानदारी छोड़कर पहले पानी के इंतजाम में जुट जाते हैं। इसके बाद दूसरा काम देखते हैं। इससे लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई है। शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए बनाए गए चंदेलकालीन मदनऊ और सदनऊ कुएं से भी पाइप लाइन बिछाकर पानी की आपूर्ति की जाती थी। जल निगम की उदासीता के चलते अब इन कुओं से भी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है, बल्कि कुओं के ऊपर जाल डालकर कूड़ा गिरने से तो रोक दिया गया, लेकिन लोगों को पानी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इससे पानी की समस्या गर्मी शुरू होते ही बढ़ने लगी है। सरकार द्वारा हर घर में पानी पहुंचाने के लिए चलाई गई हर घर जल योजना भी लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रही है।

### नवरात्र में पानी न आने से लोगों को दिक्कत

- चैत्र नवरात्र पर्व पर तड़के से हर महिला पुरुष नहाकर देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जाता है, जिसके चलते नवरात्र के मौके पर पानी की खपत बढ़ जाती है। जल निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शनिवार को शहर के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति न होने से मंदिरों में पूजा अर्चना करने जाने वालों को पानी की कमी के चलते भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। कोई नहाने के लिए हैंडपंपों में तो कोई कुएं से पानी लाने के चक्कर में परेशान रहा।

# पुलिस ने तमंचों के साथ तीन को दबोचा

**महोबा।** चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पुलिस द्वारा असलहाधारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कबरई, श्रीनगर और चरखारी पुलिस ने अपने क्षेत्रों से तीन लोगों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

उपनिरीक्षक रामेंद्र कुमार गौतम को पता चला कि बीला दक्षिण तिराहा के समीप एक ग्रामीण तमंचा लिए घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गयापाल (45) पुत्र रामचरन निवासी कबरई बताया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इसी प्रकार थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव ने बिलखी तिगैला के समीप से अजय तिवारी (37) पुत्र रामप्रकाश निवासी मोहल्ला देवबाग श्रीनगर को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाली चरखारी के उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र तिवारी द्वारा अभियुक्त आजाद (26) निवासी थाना रौनाही अयोध्या को गुलमर्ग गेट से तमंचा व एक कारतूस सहित पकड़ा।

# रामचरितमानस सिखाती है जीवन जीने की कला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- ग्राम काकुन में चौथे दिन श्रद्धालुओं को रामकथा का कराया गया रसपान

**अमृत विचार।** कथा वाचक पं. जगप्रसाद तिवारी ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि रामचरितमानस में जीवन जीने का कला गोस्वामी तुलसीदास ने हम सबको बताई है। उन्होंने जनमानस से आग्रह किया कि श्रीरामचरितमानस का पाठ करना चाहिए।

कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम के अयोध्या में अवतार लेते ही संपूर्ण संसार में आनंद ही आनंद हो गया। कथा व्यास ने कहा कि हमारी भारत भूमि में भगवान के 24 अवतार हुए हैं, उनमे श्रेष्ठ अवतार भगवान श्रीराम का है। कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामचंद ने अपने चरित्र द्वारा समस्त मानव समाज को यह बताया कि मानव का जन्म लेकर हमे क्या करना चाहिए, जिससे कि लोग अच्छे रास्ते पर चल सकें।

कथावाचक ने कहा कि रामचरितमानस का अध्ययन हमें भगवान श्रीराम के आदर्श का अनुसरण करना सिखाता है। कथा व्यास ने कहा कि वैसे तो हमारे देश का कोना कोना पवित्र हैं पर उत्तर प्रदेश की धरती अत्यंत भाग्यशाली है, क्योंकि भगवान श्रीराम तथा श्रीकृष्ण ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या और मथुरा में ही जन्म लिया। कहा कि तीर्थराज प्रयाग भी हमारे उत्तरप्रदेश में ही है। कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान किसी न किसी रुप में अवतार लेकर पापियों का विनाश करते हैं। उन्होंने कहा कि त्रेता युग में जब रावण का अत्याचार बढ़ गया तब राम ने अयोध्या में अवतार लेकर रावण तथा अन्य राक्षसों का वध किया था। कथा व्यास ग्राम काकुन में भक्तों को रामकथा सुना रहे थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पं. देवी शंकर शास्त्री, महंत रमेशचंद्र गिरि, भगवानदास, सिद्धगोपाल, नरेंद्र मिश्रा सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# तीन तरफ खोदाई से मंदिर को खतरा

संवाददाता, खन्ना-महोबा



मंदिर के किनारे इस तरह की गई खोदाई। अमृत विचार

- मंदिर के चौथे किनारे पर है चंद्रावल नदी की गहराई, ऐसे में ढहने का खतरा बरकरार

**अमृत विचार।** कस्बा खन्ना में प्राचीन हनुमान मंदिर के समीप तीन तरफ गहरी खोदाई कर दिए जाने से मंदिर की इमारत पर खतरा मंडरा रहा है। इस प्राचीन मंदिर बाल हनुमान की प्रतिमा स्थापित है, जहां पर सुबह शाम भक्त पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर आते जाते हैं।

खन्ना सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव के आस्था का केंद्र संकट मोचन मंदिर की दीवार के नजदीक से लोग मिट्टी निकाल रहे हैं। तीन तरफ दस-दस फिट गहरी खोदाई और पश्चिम की तरफ चंद्रावल नदी का तट होने से मंदिर के चारो तरफ गहरी खाई है। इससे मंदिर को खतरा बना हुआ है।

मंदिर के चारो तरफ गहरी खाई हो जाने के बाद बारिश के दिनों में पानी भरने से मंदिर खतरे में है, जिसके चलते भविष्य में मंदिर की इमारत को नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि खन्ना, परलीपुरवा, ग्योड़ी, बन्नीपुरा, भवानी, बरबई सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव के श्रद्धालु मंगलवार व शनिवार को हनुमान मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं। मंगलवार के दिन मंदिर परिसर में लड्डू आदि का प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नतें मानते हैं, जिसके चलते हनुमान मंदिर में भारी भीड़ जुटती है। हनुमान मंदिर के कुछ हिस्से का निर्माण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खन्ना निवासी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह से इस संबन्ध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि मंदिर के आसपास काफी गहरी खोदाई करा दी गई, जिससे मंदिर नुकसान पहुंच सकता है। जल्द सुरक्षा के प्रबंध कराए जाएंगे।

# आंबेडकर जयंती की तैयारी पूरी, आज निकलेगा जुलूस

**महोबा।** डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। शहर के आंबेडकर पार्क में पंडाल लगाकर सजाया गया है। 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर अधिकारियों और राजनीतिक दलों व कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। तैयारी को अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ अंतिम रूप देने में जुटा रहा।

सुबह पार्क में आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे कीरत सागर से बच्चों की रैली निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकलेगी। अपराह्न करीब 3 बजे अंबेडकर पार्क मैदान से भव्य जुलूस निकाला जाएगा। आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम किए जाएंगे, कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए कलाकारों को भी आमंत्रण पत्र दे दिया गया है।

# ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा



ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते लोग। अमृत विचार

- युवक व महिला मंगल दल ने चलाया अभियान

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी के थाना महोबकंठ में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल द्वारा मतदाता जागरुकता चलाया गया। अभियान के तहत दोनों दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों से संपर्क किया और उन्हें शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।

युवक मंगल दल के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने ग्रामीणों को बताया कि आम तौर एक वोट की ताकत को बड़े चुनावों में कम करके आंका जाता है। लोग अक्सर यह कहते सुने जा सकते हैं कि एक वोट से क्या होगा, लेकिन इतिहास पन्नों को पलट कर देखा जाए तो, इससे पता चलता है कि एक वोट की ताकत क्या होती है।

देश और दुनिया का इतिहास गवाह है कि एक वोट की ताकत कभी कम नहीं रही और एक वोट ने सरकारों को भी बदल कर रख दिया। दल के संयोजक अवध किशोर मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता उस अधिकार का प्रयोग करें जोकि समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। कहा कि जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा, क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां पर अपनी पसंद की सरकार चुनने का हमे अधिकार दिया गया है।

उन्होने कहा कि इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। चुनाव आयोग के निर्देश पर अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तमाम पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। वोट का इस्तेमाल बिना की किसी भय और लालच से करना चाहिए। किसी के पीछे लगकर नहीं अपनी सूझ बूझ से अच्छे प्रत्याशी का चयन कर वोट करना चाहिए।

मतदाता अभियान के तहत दल के पदाधिकारियों और ग्राम में रैली निकालकर लोगों से संपर्क किया और चुनाव में सारे कामकाज छोड़कर पहले मतदान करने के लिए जागरुक किया। इस मौक पर प्रमुख रूप से आशुतोष मिश्रा, जानकी प्रसाद, बलवीर, राघवेंद्र, गुगल किशोर मिश्र, बद्री प्रसाद, सुमरनलाल, अमित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दुकान के छप्पर में आग से सामान जलकर राख

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

- दुकान मालिक ने रंजिश के चलते आग लगाए जाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे में सड़क किनारे महोबा रोड पर एक दुकान के छप्पर में अचानक आग लगने से एक लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू तो पा लिया है, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। लेखपाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और पीड़ित को मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

नगर के कम्वोद सिंह महोबा रोड पर सड़क किनारे छपरा बनाकर किराना एवं चाय नश्ते की दुकान रखकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। प्रतिदिन की तरह सुबह 6 बजे दुकान खोलने के बाद 9 बजे करीब दुकान बन्द कर मदारन देवी मंदिर पूजा पाठ के लिए चला गया, तभी सूचना मिली कि दुकान में आग लग गई और उसने तत्काल फायर विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों द्वारा आग को बुझाया गया। लेखपाल ने मुआयना कर मुआवजा दिलाने का अश्वासन दिया।

# चुनाव व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए सौंपे दायित्व

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समीक्षा बैठक लेते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में परिवहन व्यवस्था, ईवीएम रखरखाव, वीडियोग्राफी आदि कार्यों को लेकर निर्देश दिए गए।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को संपन्न कराये जाने के लिए नामित समस्त नोडल, सहायक नोडल अधिकारिओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लेखन सामग्री, वेब कास्टिंग, सोशल मीडिया, स्वीप मतदाता जागरूक, वीडियोग्राफी, वीडियो निगरानी टीम आदि की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित प्रभारी अधिकारी, सहायक अधिकारी को दिशा निर्देश दिए तथा सभी संबंधित अधिकारियों को उनका उत्तरदायित्व सौंपा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव हर हाल में निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाएंगे, इसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र भी बना दिए गए हैं। इन केंद्रों पर पैरामिलेट्री फोर्स की ड्यूटी लगाए जाने की रणनीति बनाई जा रही है। चुनाव दौरान पुलिस फोर्स की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। प्रतिदिन शहरों में पैरामिलेट्री फोर्स और पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों का पैदल गश्त करा निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश भी दिया जा रहा है। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, सीडीओ चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम सहित समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मातृशक्ति ने शहर में निकाली भव्य रैली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- रैली के दौरान सिर पर पगड़ी बांधे व हाथ में ध्वज लिए चल रही थीं महिलाएं, गूंजा जयकारा

**अमृत विचार।** रामनवमी को लेकर शहर में मातृशक्ति ने रैली निकाली। रैली दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। अधिकांश महिलाएं पीले वस्त्र और सिर पर पगड़ी बांधे चल रही थीं। रैली सरस्वती विद्या मंदिर परिसर से निकली गई। रैली आल्हा चौक, तहसील चौराहा, सराफा चौराहा, उदल चौक, जीजीआईसी तिराहा सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए विद्या मंदिर परिसर में समाप्त हुई।

रैली दौरान महिलाएं भजन और धार्मिक गीत गाते हुए चल रही थी। महिलाएं खुशी से उछल रही थी। इतना ही नहीं महिलाओं में रैली के प्रति खासा जोश भी दिखाई दे रहा था। रैली में सबसे आगे डीजे चल रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस फोर्स था। रैली के समय चौराहों पर पुलिस ने वाहनों की आवाजाही पर क लगा दी थी। रैली को व्यवस्थित तरीके से निकालने के लिए नीरज रावत, विनय आदि सर्किय थे। लोगों को 17 को गल्ला मंडी चरखारी बाईपास से रामनवमी पर निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा का संदेश दिया जा रहा था।

**सजावट व उत्साह** शहर में जगह-जगह सज गईं केसरिया व पीत रंग के ध्वजों की दुकानें

# रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा, सजाए जा रहे मार्ग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** रामनवमी को लेकर शहर में जगह जगह केसरिया ध्वज की दुकानें सज गई हैं। इस दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर मार्गों के दोनो तरफ शहर में भव्य सजावट की जा रही है। मार्गों को बिजली की झालरों व केसरिया व पीले ध्वजों से पाटने का काम चल रहा है। समूचा शहर भक्तिमय हो गया है।

दुकानों के अलावा सड़क किनारे फुटपाथ पर भी लोग केसरिया ध्वज, कपड़े और गमछे बेच रहे हैं। बिजली की आकर्षक सजावट कई स्थानों पर की गई है। रामनवमी को लेकर हिंदुओ में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। युवा टोली बनाकर रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। युवाओं ने रामनवमी को लेकर खासा जोश दिखाई दे रहा है। स्थिति यह है कि भारी संख्या में लोगों ने केसरिया व पीले ध्वज बेचना शुरू कर दिया है। इन दुकानों और फुटपाथ पर झंडे गमछा बेचने वालों की अच्छी खासी बिक्री होने लगी है। यही वजह है कि झंडा, बैनर और गमछो की नई नई दुकानें खुलती जा रही है। शहर के चारो तरफ केसरिया रंग के कपड़ों और ध्वजों से दुकानें पटी पड़ी हैं। रामनवमी को लेकर युवा अपनी अपनी दो पहिया और चार पहिया गाड़ियों में भी छोटे छोटे केसरिया रंग के झंडे लगाने के लिए छोटे-बड़े ध्वज खरीद रहे हैं। छोटे झंडों की भी बिक्री अधिक हो रही है। इतना ही नहीं सारा दिन शहर के अलग अलग मार्गों पर केसरिया ध्वज से सजे डीजे रामधुन और भक्ति गीत सुनाते हुए सड़क से निकल रहे हैं। डीजों की जोरदार आवाज से पूरा शहर गूंजने लगता है। छोटे-छोटे बच्चे भी हाथ में केसरिया रंग के झंडे

### ढूंढे नहीं मिल रहे डीजे

- रामनवमी पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के मद्देनजर रामनवमी कमेटी और युवा कमेटी ने पहले से ही डीजे बुक कर दिए हैं, जिसके चलते शादी विवाह में डीजे ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। आज कल डीजे संचालकों को जमकर कमाई हो रही है। एक तरफ चल रही सहालग और दूसरी तरफ रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा में डीजे की मांग बढ़ जाने से संचालक सीधे मुंह बात नहीं कर रहे हैं। रामनवमी पर धूम-धड़ाके साथ निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियां भी जोरशोर से चल रहीं हैं।



दुकान में बिकने लगे केसरिया ध्वज। अमृत विचार

# स्कंदमाता की आराधना में लीन रहे भक्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बड़ी चंद्रिका माता मंदिर में आते- जाते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की आराधना भक्तजनों द्वारा की गई। भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना कर संतान प्राप्ति की मनोकामना की। बच्चों की लम्बी आयु के साथ घर में सुख शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। भगवान कार्तिकेय की माता होने के कारण देवी के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। चैत्र नवरात्र पूजन के पांचवे दिन देवी भक्तों का मन समस्त लौकिक, सांसारिक, बंधनों से विमुक्त होकर पद्मासना मां स्कंदमाता के स्वरूप में पूरी तरह लीन रहा।

शनिवार को भक्तों द्वारा स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद मंदिरों में पहुंचकर स्कंदमाता को गंगाजल चढ़ाया। मां के श्रृंगार के लिए शुभ रंगों का इस्तेमाल करते हुए स्कंदमाता की पूजा विनम्रता और श्रद्धा भाव के साथ शुरु की। कुमकुम, अक्षत, पुष्प, फल आदि माता को चढ़ाते हुए चंदन लगाया और माता के सामने घी का दीपक जलाने के बाद फूल चढ़ाएं व भोग लगाकर मां की आरती की गई। आरती के बाद कन्याओं को केले का प्रसाद बांटा गया, जिससे स्कंदमाता प्रसन्न होकर संतान पर आने वाले सभी संकटों का निवारण करती हैं। सुहागिनों ने माता की पूजा करने के उपरांत लाल कपड़े में लाल फूल, पीले चावल, एक नारियल और सुहाग का सामान बांधकर माता की गोद में रखा, जिससे उन्हें संतान प्राप्ति के साथ मोक्ष, ज्ञान भी प्राप्ति हो सके।

गौरतलब है कि चैत्र नवरात्र शुरू होते ही शहर सहित ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों मे सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लग रहा है, जिससे शहर का वातावरण भक्ति मय नजर आ रहा है। नवरात्र के प्रत्येक दिन आदि शक्ति जगत जननी मां जगदम्बे के नौ स्वरुपों की भोर होते ही भक्तों द्वारा देवी मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा अर्वन कर माथा टेंकाकर मन्नतें मानी जा रही है। वहीं देवी मंदिरों में हवन पूजन के साथ पुरोहितों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया जा रहा है, जिससे सुनने के लिए सबसे ज्यादा भीड़

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप काम करें : डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण हुआ संपन्न, मतदान के लिए अधिकारियों ने प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करें।

जिसमें अपर जिलाधिकारी डॉ.नागेन्द्र नाथ यादव ने बताया कि ऐसे मतदाता जो इलेक्शन ड्यूटी में लगे है जैसे पोलिंग एजेंट, कोई भी पोलिंग आफीसर, पीठासीन अधिकारी, पुलिस कार्मिक, आब्जर्वर के स्टाफ में मेंबर तथा प्राइवेट व्यक्ति जो चुनाव कार्य में ड्राईवर, कंडक्टर, क्लीनर के रूप में पोलिंग वाहन के साथ लगे है। डिस्पैच तथा रिसीविंग सेंटर के कार्मिक फार्म 12 ए (ईडीसी) तथा फार्म 12 (पोस्टल बैलेट) के द्वारा मतदान कर सकते हैं। इनके लिए अलग से नोडल आफीसर नामित किया जाएगा। बताया कि जो मतदान कार्मिक उसी विधान सभा में ड्यूटी कर रहे है, जहॉ के वह मतदाता है तो फार्म 12 ए (ईडीसी) के जरिए मतदान कर सकेंगे। यदि वह दूसरी विधान सभा में कार्यरत है तो फार्म 12 पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर सकेंगे। यदि कोई मतदाता निवारक विरोध में है तो वह रिटर्निंग आफीसर को जानकारी देकर मत पोस्ट के जरिए देख सकता है। पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया में स्पेशल वोटर्स/वोटर्स ऑन इलेक्शन ड्यूटी, निवारक निरोध के अन्तर्गत मतदाता अपसेन्टी वोटर्स तथा ईटीपीबी के संबंध में विस्तृत प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि घर से मतदान के लिए बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12 डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग, वृद्ध मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में ऐसे मतदाता जो दिव्यांग है एवं 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक है एवं मतदान केन्द्र पर जाने में अक्षम हैं उनको 12 डी फॉर्म बीएलओ के माध्यम से भरना होता है। जिससे वे घर बैठे ही मतदान कर सकें। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम विजय शंकर तिवारी, सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएम व एसपी ने मेला महोत्सव का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने जलालपुर थाने के भेड़ी गांव में चैत्र नवरात्र पर्व पर लगने वाले मेला महोत्सव का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेला कमेटी के सदस्यों से सुरक्षा को लेकर वार्ता की। साथ ही मेला ग्राउंड में पैदल गश्त कर आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा भाव का एहसास कराया। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लगाए गए बैरियर, मेला पार्किंग, सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा मेला में शांतिपूर्ण वातावरण कायम रखते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने को पुलिस बल के सहयोग के लिए अपील की गई। मेला में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी ने क्षेत्राधिकारी सरीला सहित समस्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



मेला महोत्सव का निरीक्षण करते डीएम राहुल पांडेय व एसपी।

## निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर आयोग के दिशा निर्देशों से कराया अवगत

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा ली जाने वाली अनुमति यथा जनसभा, रैली, वाहन, लाउडस्पीकर, अस्थाई चुनाव कार्यालय, हेलीपैड, हेलीकॉप्टर, होर्डिंग, पोस्टर, बैनर आदि की अनुमति को सुविधा एप पर निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में विस्तार से बताया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों को अब बार-बार निर्वाचन कार्यालय दौड़ना नहीं पड़ेगा, इसके लिए आयोग द्वारा सभी प्रकार की अनुमतियों के लिए सुविधा एप विकसित किया गया है। इसके माध्यम से राजनीतिक दल सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि व्यावसायिक वाहनों पर झंडा/स्टीकर/प्रचार सामग्री बिना अनुमति के लगाया जाना अनुमन्य नहीं होगा। यदि राजनीतिक दल काफिलों में प्रचार-प्रसार करते है, तो काफिले में 10 गाड़ियों के बाद 100 मीटर का अंतर रखा जाना जरूरी है। दो पहिया वाहन पर कोई भी बैनर अनुमान्य नहीं होगा। धार्मिक स्थानों, शैक्षिक संस्थानों तथा चिकित्सालय में कोई अस्थायी चुनाव कार्यालय नहीं खोला जाएगा। कोई भी चुनाव कार्यालय मतदेय स्थल से 200 मीटर की परिधि के अंदर नहीं खोला जाएगा। कोई भी राजनीतिक दल, मीटिंग व सभा स्थल, प्रबंध समिति के अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बाद ही की जाएगी। एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के लिए निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये होगी। यह सीमा नामांकन तिथि एवं मतगणना की तिथि दोनों तिथियां को सम्मिलित करते हुए प्रत्याशी एवं उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा की जाएगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला ने बताया कि आय व्यय रजिस्टर की समीक्षा किस तरह की जाती है, उसको किस तरह मेंटेन रखना है, इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर सीडीओ चंद्रशेखर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक डॉ.नागेन्द्र नाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



मतदान केंद्रों के बूथों की समीक्षा बैठक लेते एसडीएम। अमृत विचार

## 19 मतदान केंद्रों पर खड़े होंगे 34 पेयजल टैंकर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- बिना बाउंड्रीवाल वाले केंद्रों पर कंटीले तार लगवाने के निर्देश

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तहसील क्षेत्र के सभी उन पोलिंग केंद्रों के बूथों की समीक्षा की और पेयजल व्यवस्था के लिए टैंकरों की उपलब्धता पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे पोलिंग केंद्रों पर जहां चाहारदिवारी नहीं है। वहां तत्काल प्रभाव से कंटीले तार की फेंसिंग करने पर जोर दिया है। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

तहसील परिसर में शनिवार को हुई बैठक में तहसीलदार बलराम गुप्ता के अलावा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा व मुस्करा विकासखंड अधिकारी मौदहा व मुस्करा, जल संस्थान, जल निगम के अधिकारियों के अलावा राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद तहसीलदार ने बताया कि फिलहाल उनकी तहसील में ऐसे 19 स्थान हैं जहां पेयजल के लिए मतदान केंद्रों में किल्लत महसूस की गई है। इन स्थानों पर 34 टैंकर पेयजल के लिए लगाने के निर्देश दिए। जिसका प्रबंध विकासखंड अधिकारी और जल संस्थान व जल निगम करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर बिजली की भी समस्या होगी, जिसका निदान किया जा रहा है।

## वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- कलौलीतीर व बरदहा में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम कलौलीतीर व बरदहा में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को ग्राम कलौलीतीर व बरदहा में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाएं व पुरुष मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में जमकर नारे लगाए। जिसमें वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। सरकार बनाना आता है,क्योंकि हम मतदाता हैं आदि शामिल रहे। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद, सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, शिक्षक, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।




कंडौर गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

### कंडौर गांव में रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के कंडौर गांव में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरुकता रैलियां निकाली जा रही हैं। शनिवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में कंडौर गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया। बीडीओ ने ग्रामीणों से कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें।

## 1400 से अधिक लोगों को किया गया पाबंद

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक हमला लगातार मुस्तैद नजर आ रहा है। प्रशासन भयमुक्त चुनाव कराने के लिए गतिशील दिखाई दे रहा है। वहीं क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों व संदिग्ध सामाजिक तत्वों के विरुद्ध गुडा एक्ट, मिनी गुंडा एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के मतदान की तारीख चुनाव आयोग द्वारा 20 मई को घोषित की गई है। इसके नजदीक आते ही चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए कोतवाली पुलिस ने अभी तक चौदह सौ से अधिक लोगों को एक सात सोलह के तहत चालानी काटी है। वही गुंडा एक्ट, मिनी गुंडा एक्ट सहित अन्य कानूनी कार्यवाहियों का पालन करने के लिए ताबड़तोड़ प्रयास किए जा रहे हैं।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि 1400 से अधिक लोगों को इस कानून के तहत कार्यवाही करने के उपरांत कुछ ही व्यक्तियों ने जमानत करवाई है। अधिकांश शेष लोग इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भविष्य में यदि इस मामले पर शेष लोग जमानत नहीं कराते तो कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जा सकती है।

## सार-संक्षेप



आग से जले सामान को दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

### घर में लगी आग से गृहस्थी राख

**राठ हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिगवां गांव में शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई। आग से घर में रखा गृहस्थी का सामान और भूसा जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पानी डालकर काबू पाया। बिगवां गांव निवासी रतन पुत्र जियालाल ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे अचानक उसके घर में आग लग गई। कुछ देर बाद जब आग ने अपना विकराल रूप धारण किया तो ग्रामीणों को जानकारी लगी। इसी बीच ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पानी डाल काबू पाया। रतन ने बताया कि आग से घर में रखा हजारों रुपये का गृहस्थी का सामान और भूसा जल गया है।

### गांजा के साथ दो लोग गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के अलग अलग दो स्थानों पर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को 4 किलो 700 ग्राम सूखा गांजे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र के कुरारा मनकी मूसानगर मार्ग में एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा झोले में अवैध सूखा गांजा ले जाने की सूचना मुखबिर ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक पंधारी सरोज ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जिसने अपना नाम मोनिस पुत्र मो .आदिल निवासी मुहल्ला कजियाना घाटमपुर जिला कानपुर नगर बताया। जिसके पास से झोले में 2 किलो 500 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। वही कस्बे के मनकी तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मुखबिर ने दी। मौके पर पहुचे उप निरीक्षक राकेश कुमार यादव ने पकड़ लिया। जिसने अपना नाम मो .नसीम पुत्र मो .शमीम निवासी मोहल्ला कजियाना घाटमपुर जिला कानपुर नगर बताया। इसके पास से 2 किलो 200 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेजा।

### ई-रिक्शा से ग्रामीण के 45 हजार रुपये पार

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के बैंकों से रुपये निकालने वालों और ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी करने कस्बे आने वालों के साथ अक्सर टप्पेबाजी और जेबकतरी की घटनाएं होती रहती हैं। ऐसी ही एक घटना में शनिवार को एक ग्रामीण के पैंतालीस हजार रुपये पार हो गये। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी संतोष कुमार पुत्र रामदयाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने गांव से खरीदारी करने आया था और बड़े चौराहे से ई रिक्शा में बैठा था पीड़ित ने बताया कि सरकारी अस्पताल के निकट से एक व्यक्ति रिक्शा में बैठा और पुरानी अस्पताल के सामने उतरा पीड़ित ने बताया कि जब उसने वहीं पर रिक्शा का किराया देने के लिए जेब में हाथ डाला तो उसके पैंतालीस हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मौदहा (हमीरपुर)।** भारत के महान समाज सुधारक और संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ देश भर में मनाई जाएगी। रविवार को विभिन्न स्थानों पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर अलग-अलग तरह से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें मीरा तालाब आंबेडकर पार्क से प्रांतीय संत रविदास समाज सुधारक सेवा समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न होगा। सुबह 11:00 बजे जुलूस मीरा तालाब आंबेडकर पार्क से चलकर फतेहपुर से तहसील मार्ग होते हुए मलिकुआ चौराहा, रहमानिया इंटर कॉलेज से होते हुए स्टेशन मार्ग आंबेडकर पार्क से देवी चौराहा थाना चौराहा होते हुए आंबेडकर पार्क में पहुंचेगा, जहां उनके अनुयायी उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालेंगे।

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सिलौली गांव में एक किशोरी ने अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर बिना मेडिकल परीक्षण के परिजनों को शव सौंप कर वैधानिक कार्रवाई की है। वहीं गांव में किशोरी की आत्महत्या के मामले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। क्षेत्र के सिलौली गांव निवासी अशोक श्रीवास की पुत्री शिवानी (17) ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर दुपट्टे का फंदा डालकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। किशोरी के पिता ने बताया कि पुत्री लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थी। इसलिये उसने आत्महत्या कर ली।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के सरीला छिबौली मार्ग पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। शुक्रवार की देर शाम को जिला जालौन के नगवा निवासी रामकिशन (28) पुत्र आनन्दी, अपनी बहन रामरती (40) पत्नी भानुप्रताप व भांजा हर्ष (14) निवासी उपरंहका को बाइक से उपरहका गांव छोड़ने जा रहा था। तभी सरीला छिबौली मार्ग पर राठ कस्बा से आ रहे बाइक सवार नवल राजपूत (25) पुत्र शंकर सिंह सरीला की टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे डायल 108 एंबुलेंस चालक मिथलेश व ईएमटी विमल कुमार ने सीएचसी में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ .अजय चौरसिया ने रामकिशन व हर्ष को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है।

## जबलपुर- हरिद्वार साप्ताहिक ट्रेन रामनवमी से फिर शुरू

**हमीरपुर।** चुनावी मुद्दे के तहत रेलवे की सुविधाओं का मुद्दा उठने के बाद रेलवे प्रशासन ने बंद की गई जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक यात्री गाड़ी को रामनवमी के दिन से शुरू करने की घोषणा की है।

साप्ताहिक ट्रेन को आगामी 17 अप्रैल से संचालन को आखिरकार हरी झंडी दे दी है। फिलहाल इसको एक अगस्त तक चलाने का निर्णय लिया गया है। रिस्पांस मिलने पर उसकी समयावधि को बढ़ाया भी जा सकता है। यह साप्ताहिक यात्री गाड़ी संख्या 02191 रामनवमी 17 अप्रैल को जबलपुर से शाम 6.55 बजे चलकर कटनी, मैहर, सतना, चित्रकूट, बांदा होते हुये भरुआ सुमेरपुर रात 12.52 बजे आएगी। यहां से कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, बालामऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर होकर गुरुवार 1.20 पर हरिद्वार पहुंचेगी। इसी तरह पर यह गाड़ी संख्या 02192 आगामी 18 अप्रैल से एक अगस्त तक हरिद्वार से जबलपुर के मध्य चलेगी। इस गाड़ी का लाभ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के लोगों को प्राप्त होगा।

## दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, सुमेरपुर हमीरपुर

- सूरत से लौटकर गांव जा रहा था मजदूर, उसके बैग से 70 हजार रुपये हुए गायब

**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात बांदा मार्ग में ई रिक्शा एवं बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में सूरत से वापस लौटकर गांव जा रहे मजदूर की उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई।



नीरज श्रीवास।

क्षेत्र के टेढ़ा निवासी नीरज श्रीवास (38) सूरत में रहकर मजदूरी करता था। आगामी 25 अप्रैल को बांदा जनपद के नरैनी थाना क्षेत्र के पियार गांव में साली की शादी में शामिल होने के लिए वह शुक्रवार को देर शाम सूरत से लौटा था और सुमेरपुर से ई रिक्शा में सवार होकर गांव जा रहा था। रात करीब 8.30 बजे पारा मोड़ के पास ई रिक्शा एवं बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवारों के साथ ई रिक्शा में सवार नीरज श्रीवास गंभीर रूप से घायल हुआ था। सभी को पीएचसी में उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया था। सदर अस्पताल से नीरज को कानपुर रेफर कर दिया था। कानपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अचानक हुई घटना से पिता अर्जुन श्रीवास, पत्नी रूपा श्रीवास, पुत्री मन्नत, रोहिणी, पुत्र मयंक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

मृतक के पिता ने बताया कि पुत्र अपने साथ सूरत से 70 हजार रुपये नकद लेकर चला था। इसकी पुष्टि उसके सेठ द्वारा की गई है। जब उसने ई-रिक्शा चालक सुरेंद्र सिंह के घर जाकर पुत्र का बैग मांगा, तब उसने बैग तो वापस कर दिया लेकिन बैग से रुपये गायब हैं। इसकी वह शिकायत पुलिस से करेगा।

### रिटायर्ड पेशकार को ट्रैक्टर ने रौंदा

**हमीरपुर।** गौरा देवी मोहल्ला निवासी जिला न्यायालय के रिटायर्ड पेशकार रामस्वरूप पाल (65) रोज की तरह शनिवार को तड़के कालपी फोरलेन की ओर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वह प्रतिदिन वन विभाग तक टहलने जाते थे। सुबह भी जब टहलने जा रहे थे, तभी कुरारा की ओर जा रहा खाली तेज रफ्तार ट्रैक्टर उन्हें रौंदते हुए निकल गया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जयंती आज

रामलीला मैदान में चल रही बोधि कथा का हुआ समापन, आज जगह-जगह होंगे तमाम आयोजन

# डॉ. आंबेडकर ने दबे -कुचले और शोषितों को दिलाया सम्मान

### डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर आज होगी गोष्ठी

**हमीरपुर।** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें बाबा साहब डॉ .भीमराव आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

संवाददाता, राठ हमीरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के रामलीला मैदान राठ में चल रही बोधि कथा एवं सामाजिक समरसता सांस्कृतिक कार्यक्रम कथा का रविवार की शाम समापन हो गया। मैनपुरी से आईं सोनम बौद्ध ने कथा के माध्यम से गौतम बुद्ध के पंचशीलों का विस्तार से संगीतमय वर्णन किया। इस दौरान कथावाचक ने बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर के जीवन प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि जब बाबा साहब बचपन में शिक्षा ग्रहण करते थे तो छुआछूत का शिकार हुए।



बोधि कथा सुनातीं सोनम बौद्ध।

बाबा साहब ने शिक्षा पूर्ण करने के बाद अपने ऊपर हुए भेदभाव एवं अन्याय को लेकर दबी समाज की आवाज को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने समाज के महापुरुषों पर हुए अत्याचार का बदला शिक्षा देकर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। कथा के दौरान कथा वाचिका ने कहा कि बाबा साहब ने समतामूलक समाज की स्थापना कर अधिकार दिलाने का काम किया। अपना जीवन दबे कुचले समाज को ऊपर उठाकर उन्हें न्याय दिलाया। डॉ.भीमराव आंबेडकर सामाजिक केंद्र के अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर शास्त्री, मुन्ना लाल बौद्ध पवई, डा.संतोष सिंह, रमेश चंद्र, दीनदयाल वर्मा, मनीराम पासवान इटौरा, राजेंद्र कैंथा, रामगोपाल बहपुर, आसाराम राजपूत, चंद्रभान पूर्व प्रधान कैंथी, समेत अनेक लोग रहे।

### बच्चों को बताया आंबेडकर का योगदान

**हमीरपुर।** नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ .भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि डॉ .भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को बिट्रिश भारत के मध्य भारत प्रान्त (अब मध्य प्रदेश में) स्थित महु नगर के सैन्य छावनी में हुआ था। उनका मानना था कि दलितों को जाति प्रथा के खिलाफ अवश्य लड़ना चाहिए और ऐसा समाज बनाने कि तरफ काम करना चाहिए, जिसमें सबकी इज्जत हो न कि कुछ ही लोगों की। सन् 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया गया। विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाला था। वह महार जाति के थे जो अछूत मानी जाती थी। आचार्य रमेश शुक्ल ने कहा आंबेडकर अपने जाति के पहले व्यक्ति थे जिसने अपने कॉलेज की पढ़ाई पूरी की और वकील बनने के लिये इंग्लैण्ड गये। उन्होंने दलितों को अपने बच्चों को स्कूल कॉलेज भेजने के लिये प्रोत्साहित किया। दलितों से अलग-अलग तरह की सरकारी नौकरी करने को कहा। उन्हें ऐसे धर्म की तलाश थी जो सबको समान्य निगाह से देखे। जीवन में आगे चलकर उन्होंने धर्म का परिवर्तन करके बौद्ध धर्म को अपनाया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने दी।




डॉ .भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में उपस्थित छात्र। अमृत विचार

# दो पत्नियों के रहते तीसरा विवाह करने की तैयारी में युवक

कार्यालय संवाददाता ,बांदा


एसपी कार्यालय पहुंचीं आरोपी की दोनों पत्नियां। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के चिल्ला कस्बा में रहने वाले युवक ने तथ्यों को छिपा जहां एक पत्नी के रहते दूसरा विवाह कर लिया, वहीं अब दूसरी पत्नी को भी अलग करके तीसरी शादी कर रहा है। ऐसे में अब आरोपी की दोनों पत्नियों ने एकजुट होकर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मुहिम छेड़ दी है। दोनों पत्नियां अधिकारियों की चौखट पर भटक रही हैं ।

हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार एक पत्नी के जीवित रहते कोई भी व्यक्ति दूसरा विवाह नहीं कर सकता, लेकिन इस अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए चिल्ला कस्बा निवासी दीपक पुत्र सकलदीप ने न सिर्फ दूसरा विवाह कर लिया, बल्कि दूसरी पत्नी को भी बाहर का रास्ता दिखाते हुए तीसरी शादी का ताना बाना बुनने लगा है। आरोपी पहली पत्नी गायत्री पुत्री स्व.रामगोपाल निवासी फूटा कुआं शहर बांदा ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी आप बीती सुनाई। खास बात यह है कि गायत्री के साथ दीपक की दूसरी पत्नी गुड्डी भी मौजूद रही और उसने भी अपने पति पर गंभीर लगाए हैं।

- हिंदू मैरिज एक्ट के तहत नहीं हो सकती एक पत्नी के रहते दूसरी शादी
- दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं दोनों पीड़ित पत्नियां, कार्रवाई की मांग

### दीपक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

आरोपी दीपक की पहली और दूसरी पत्नी गायत्री व गुड्डी का कहना है कि आरोपी अब मुजफ्फर नगर जिले में अपना तीसरा विवाह करने की फिराक में है। जानकारी मिलने पर दोनों पत्नियों ने चिल्ला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और दीपक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, लेकिन थाना पुलिस ने उनकी एक न सुनी और उन्हें वहां से चलता कर दिया। उधर चिल्ला थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गायत्री के अनुसार उसका विवाह हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार 2018 में किया गया था। लेकिन दीपक लगातार उसके साथ मारपीट करता था और दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। इतना ही नहीं दीपक और उसके परिजनों ने 2019 में उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद दीपक ने अपने परिवारीजनों की मिलीभगत से 2022 में बिहार के बकरीबरावां थानाक्षेत्र के धेवधा निवासी गुड्डी पुत्री अशोक प्रसाद के साथ तथ्यों को छिपाकर विवाह रचा लिया, लेकिन दीपक और उसके परिजन अपनी आदतों से बाज नहीं आए और गुड्डी के साथ भी अमानवीय बर्ताव करने लगे। दीपक के दूसरे विवाह का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। उधर गुड्डी भी दीपक के साथ अधिक दिन तक नहीं रह सकी और उसे भी 2023 में घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। अब पीड़ित गुड्डी भी दीपक की पहली पत्नी गायत्री के साथ ही रहती है । शनिवार को दीपक की दोनों पत्नियों ने एसपी से मुलाकात कर अपने पति की कारगुजारी बताई और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

## सार-संक्षेप


शिविर में मौजूद प्रशिक्षु और प्रशिक्षक। अमृत विचार

### डीएलएड प्रशिक्षुओं को दी स्काउट-गाइड की जानकारी

**राजापुर (चित्रकूट)।** केदारनाथ रामस्वरूप महाविद्यालय व केदारनाथ जगन्नाथ महाविद्यालय खटवारा में प्रशिक्षणरत डीएलएड प्रशिक्षुओं का संयुक्त प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। केदारनाथ रामस्वरूप महाविद्यालय में लगे पांच दिवसीय शिविर के पहले दिन प्रशिक्षुओं को स्काउट–गाइड संबंधी जानकारी दी गई। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिश्रा ने किया। प्रशिक्षकों ने स्काउट–गाइड का इतिहास बताया। जिला सचिव स्काउट–गाइड सुरेश प्रसाद ने ध्वज शिष्टाचार, टोली ज्ञान, वर्दी, गांठ फांस बंधन आदि की जानकारी दी। इस दौरान मोहन लाल दीन( प्री एएलटी), प्रेमचंद्र सिंह जिला संगठन कमिश्नर, जानकी शरण स्काउट मास्टर रोवर, रामदयाल, ललित कुमार यादव, आशीष साहू आदि मौजूद रहे।

### बाइक से गिरकर दो लोग हुए घायल

**राठ (हमीरपुर)।** महोबा जनपद के जखा गांव निवासी शिवम पुत्र चरन अपने एक साथी रामकुमार के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन से वापस अपने गांव जखा जा रहा था। रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव के पास स्थित सर्विस लाइन पर अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक सवार शिवम व उसका साथी रामकुमार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### पुलिस ने वारंटी आरोपी को पकड़ा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** एसआई मातादीन ने वारंटी गुरु प्रसाद शुक्ला पुत्र शिवशंकर प्रसाद निवासी रमयापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी नवीन कुमार शामिल रहे।

### खेत में फसल कटवा रहे किसान को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के अमूंद गांव में खेत पर अरहर की फसल को कटवा रहे किसान के साथ गांव के कुछ लोगों ने गाली गलौज कर उसे जमकर मारापीटा। अमूंद गांव निवासी राममिलन पुत्र लखनलाल ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने खेत में अरहर की फसल को मजदूरों से कटवा रहा था। बताया कि उसी दौरान गांव के सुदर्शन, स्वामीदीन और दिग्विजय उनके पास आए और खेत खरीदने को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी देने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से लगी आग, गेहूं की फसल राख

## घटना में किसान को एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने की संभावना

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


धू- धूकर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मवई जार गांव में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से करीब छह बीघ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। किसानों के साथ फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसान को एक लाख से अधिक का नुकसान होने की संभावना है।

ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा ने बताया कि मवई जार निवासी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा का निजी नलकूप है और उसने करीब छह बीघे में गेहूं की फसल बो रखी थी। फसल पककर तैयार थी। लेकिन शनिवार को सुबह करीब 11 बजे ट्रांसफार्मर के पास से चिंगारी निकली और उसकी पकी खड़ी फसल पर आग लग गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन फायर ब्रिगेड के आने के बाद ही आग बुझ सकी। किसान राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि इस घटना में एक लाख से अधिक का उसका नुकसान हुआ है। बताया कि पिछले साल भी हाईटेंशन लाइन से उसके खेत में आग लगी थी। लेकिन किसी तरह से काबू कर ली गई थी। उसके खेत से हाईटेंशन लाइन की दो अलग-अलग लाइन पड़ी हुई है।

- मवई जार गांव में हुआ हादसा ग्रामीणों में मचा हड़कंप

पीड़ित किसान ने बताया कि जब लाइन बिछाई जा रही थी तब उसने इसकी शिकायत भी की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थी। पूर्व प्रधान महेश शिवहरे ने पीड़ित को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।


बुलडोजर पर चढ़कर झंडी लगाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# रामनवमी की तैयारियां तेज, झंडियां लगनी शुरू

**मुस्करा (हमीरपुर)।** आगामी रामनवमी त्योहार को लेकर कस्बे में तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं।

रामनवमी समिति के संयोजक सुनील अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी चैत्र मास की नवमी पर बुधवार को रामनवमी पर भगवान श्री रामलला की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर पूरे कस्बे को सजाने की कवायद तेज हो गई है। बताया कस्बे को सजाने में समिति के सभी सदस्य और नवयुवक अपना-अपना सहयोग दे रहे हैं। तो वहीं शनिवार को कस्बे के मुख्य बाजार की सड़क पर समिति के सदस्य और नवयुवक बुलडोजर से सड़क पर झंडियां लगाते हुए नजर आए।

बताते चलें कि रामनवमी के आगे चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल दिन मंगलवार को मुस्करा के प्रसिद्ध जावरा जुलूस और अद्भुत झांकियां भी निकाली जाएंगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# शौच को गई युवती से युवक ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर गांव के युवक पर पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म व धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

जरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर में पुत्री शौचक्रिया के लिए बाड़े में गई थी। वहीं गांव निवासी सोनू पहले से घात लगाये बैठा था। पीड़िता के पिता का आरोप है कि बेटी के वहां पहुंचते ही सोनू ने पीछे से आकर आकर उसे दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया है। उसी समय पीड़िता का चाचा कपड़ा धोने के लिए बाड़े में गया था तो देखा कि मोबाइल व पुत्री की चप्पल छप्पर के नीचे पड़ी थी। दबंग युवक पीड़िता व चाचा को धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता अपने पिता के साथ थाने पहुंच कर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में दर्ज की रिपोर्ट

# मिट्टी का पूजन कर खेतों में छिड़का

चित्रकूट कार्यालय



ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित करते वैज्ञानिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कुई गांव में शनिवार को दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के तत्वाधान में भूमि सुपोषण कार्यक्रम किया गया। इसमें किसानों ने खेतों की मिट्टी की पूजा की और फिर उसका खेतों में छिड़काव किया।

वैज्ञानिक विजय गौतम ने भूमि सुपोषण का मतलब बताया और उर्वरा शक्ति बढ़ाने और भूमि संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयासों की जानकारी दी। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि सुपोषण एवं संरक्षण कर खेती की भावना को पुनर्स्थापित करना है। भूमि का सुपोषण करना सिर्फ किसानों का उत्तरदायित्व नहीं है। इस दौरान जिला स्तरीय खाद्य संस्करण के अंतर्गत श्रीअन्न से बने उत्पादों की प्रदर्शनी में पुरस्कार पाने वाली महिलाओं को वैज्ञानिक ममता त्रिपाठी एवं अभय महाजन ने पुरस्कृत किया।

प्रभारी वैज्ञानिक डॉ कमला शंकर शुक्ला ने किसानों के साथ भूमि सुपोषण का संकल्प दोहराया। अध्यक्षता ग्रामीण भगवानदीन वर्मा ने की। इस अवसर पर पर्यावरणविद् संत कुमार गौतम, अंकित राय, आदित्य विवश्वान ने भी विचार रखे।

# पानी भरने आई महिला को ससुर और देवर ने पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में अपने बाड़े में पानी भरने के लिए गई एक महिला को पानी भरने को लेकर हुए विवाद के चलते उसके ससुर और देवर ने गाली गलौज करते हुए पीट दिया।

मवई गांव निवासी आकांक्षा पत्नी बृजेंद्र ने बताया कि वह अपने बाड़े मंन पानी भरने के लिए गई हुई थी। बताया कि इस दौरान वहां पर मौजूद उसके ससुर जंगबहादुर और देवर सोनू ने पानी भरने को लेकर विवाद कर दिया। बताया कि ससुर और देवर ने गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा।

# 'रोशनी' की आंखों की रोशनी पर मंडराया संकट

- सदर अस्पताल से रेफर के बाद परिजन बिटिया को ले गए घर
- जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पल्ला झाड़ा

**हमीरपुर।** फार्मासिस्ट की लापरवाही और स्वास्थ्य विभाग की आला अफसरों की अनदेखी के चलते विदोखर की युवती की रोशनी में गरीबी का संकट सामने आ गया है। सदर अस्पताल से रेफर होने के बाद परिजनों ने धनाभाव के चलते घर पर लाकर भगवान भरोसे लिटा दिया है। युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। परिजन धन की व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं। सोमवार को युवती को चित्रकूट ले जाने की तैयारी है।

बीते 10 अप्रैल को विदोखर मेंदनी निवासी रोशनी कुशवाहा विदोखर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आंखों में जलन होने पर उपचार के लिए गई थी। जहां डॉ.राहुल खरे ने युवती की आंखों को देखकर दवा लिखी। फार्मासिस्ट अरविंद ने युवती को आई ड्रॉप की जगह इयर ड्रॉप थमा दिया। युवती के आंखों में ड्रॉप डालते ही उसकी हालत बिगड़ गई और आंखों के साथ चेहरे गले में भयंकर सूजन आ गई। अगले दिन परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लाये। इसके बाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। डिप्टी सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र ने गांव जाकर परिजनों के बयान दर्ज किया और पीएचसी पहुंचकर अभिलेखों का निरीक्षण किया। उधर धनाभाव के कारण युवती के परिजन उसे घर ले आए। युवती की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। युवती के भाई अजय कुशवाहा ने बताया कि मजदूरी से परिवार का भरण पोषण होता है। सोमवार को चित्रकूट में दिखाएंगे।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**मौदहा।** बीते सात साल पुराने मामले में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वारंटी अभियुक्त देवी चौराहा निवासी जीतू उर्फ दीपू गुप्ता पुत्र नवल किशोर गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरोपी के विद्युत विभाग के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था।



# खेत-खलिहानों में लगी आग जौ व गेहूं की फसलें हुईं राख

## अलग-अलग स्थानों में हुईं आग की घटनाएं, किसान बोले- लाखों का हुआ नुकसान

संवाददाता कालपी(जालौन)


खलिहान में आग से जलती फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कालपी तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में अज्ञात कारणों के चलते खेत और खलिहान में आग लग गई। आग लगने की घटना से किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। शनिवार को ग्राम बबीना में आशाराम पुत्र रामआसरे के 13 बीघा गेहूं, घासीराम का 4 बीघा गेहूं का खेत अज्ञात कारणों की वजह से जल गया। आग की चपेट में आकर फसल जलकर नष्ट हो गई। इसी प्रकार अज्ञात कारणों की वजह से मसगाया गांव में अमित सिंह पुत्र विनोद सिंह 1 बीघा, जगदीश पुत्र पुन्नू अहिरवार 2 बीघा, श्रीराम पाल के डेढ़ बीघा जौ के खेत में आग लगने की घटनाएं हो गईं। आग लगने की सूचना पाकर निकटवर्ती ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का जायजा लिया। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन केंद्र के एफएसओ महेंद्र बाजपेई, विनोद नायक, फायरमैन रविंद्र कुमार शर्मा, वीरेंद्र सिंह, होमगार्ड सुधर सिंह, वीरेंद्र सिंह की टीम अग्निशन वाहन के साथ मौके पर पहुंची तथा भारी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया। आग लगने की घटनाओं की वजह से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

**जल गए किसानों के अरमान:** किसानों ने बताया कि आग की घटना से गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। जबकि किसानों को इसबार फसल से काफी उम्मीद थीं। किसान आशाराम ने बताया कि पहले बारिश और ओला ने फसल को नष्ट किया था। अब आग लगने से पूरी 13 बीघा गेहूं की फसल ही जलकर राख हो गई। जबकि फसल तैयार करने में लाखों रुपये खर्च हुए थे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**उरई।** कोंच जालौन मुख्य मार्ग पर बीती रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार भेंड गांव निवासी 35 वर्षीय संदीप जाटव पुत्र अमर सिंह जाटव कोंच कस्बे के तिलक नगर मुहाल निवासी अपने मौसा चेतराम के घर आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने शुक्रवार को कोंच आया था। कार्यक्रम में शामिल होकर बीती देर रात मोटर साइकिल से वापस अपने गांव भेड़ जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक पचिपुरा कला गांव के सामने पहुंची तभी तेज रफ्तार सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। आस पास मूंग की फसल में पानी लगा रहे किसानों ने ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर सुनकर मौके पर पहुंचे और 112 नंमर को सूचना दी। जबतक पुलिस पहुंचती उसके पहले ही बाइक सवार संदीप की मृत्यु हो गई। फिर भी पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने संदीप को मृत बताया। पुलिस ने मृतक संदीप के परिजनों को सूचना दी। मृतक के पिता अमर सिंह ने बताया कि मृतक संदीप की 6 साल पहले शादी हुई थी, जिसके दो बेटे हैं।

# बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

कार्यालय संवाददाता उरई


स्मृति चिह्न के साथ विद्यार्थी व स्कूल का स्टाफ। अमृत विचार

- ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल आटा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानाचार्य पुनीत कुमार भारती की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रमाकांत दोहरे शामिल हुए। इसके अलावा बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों के साथ-साथ सोशल मीडिया के अंधाधुंध प्रयोग से सतर्कता तथा भारत की विविधता में एकता जैसे सामाजिक पृष्ठभूमि पर बहुत शानदार अभिनय के साथ नाटकों का मंचन किया गया। बुंदेली लोक संस्कृति के संरक्षण तथा बच्चों को बेहतर शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति आकर्षित करने के लिए विद्यालय में वर्ष भर संचालित होने वाले क्रियाकलापों पर आधारित लोक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में शैक्षिक मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को परितोषित एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन राम अवतार चौधरी बीजापुर के द्वारा किया। इस कार्यक्रम में राजकुमार गौतम, रविंद्र राजपूत, राघवेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, रघुवीर यादव आटा, सुंदर सिंह दीवान आटा, लोकेंद्र कुशवाहा आटा, तकदीर सिंह परा, आशीष तगारेपुर, वेद प्रकाश तिवारी आटा, कपिल यादव भदरेखी आदि लोग मौजूद रहे। ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल के डायरेक्टर डॉ. पुनीत कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### छात्र विक्रम का सैनिक स्कूल में चयन

**जालौन।** छात्र विक्रम प्रताप सिंह का ऑल इंडिया सैनिक स्कूल में चयन होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की है। घर परिवार और शुभचिंतकों ने सैनिक स्कूल में चयनित छात्र का मुंह मीठा कराकर उसे बधाई दी। जालौन तहसील क्षेत्र के सिकरी राजा निवासी रमन सिंह के 13 वर्षीय बेटे विक्रम प्रताप सिंह ने कठिन परिश्रम कर ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसने साथी छात्र छात्राओं के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। छात्र मैनपुरी स्थित सैनिक स्कूल में कक्षा 6 की पढ़ाई करेगा। इस दौरान विक्रम की मां राखी देवी और ग्राम प्रधान आलोक वर्मा, कमलेश कुमार, हाकिम सिंह, बृजमोहन, मोहन, रामेंद्र, श्याम जी आदि लोग भी उपस्थित रहे।

# शिक्षक ने नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म, जेल भेजा

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शिक्षक ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाई तथा ब्लैकमेल किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पकड़कर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

नगर के एक मोहल्ले की नाबालिक छात्रा तथा उसके पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मोहल्ला चुरखी बाल निवासी दीपेश कुशवाहा पुत्र तुलाराम एक प्राइवेट शिक्षक है। उसकी बेटी को घर पर कोचिंग पढ़ाने आता था। 1 अप्रैल को वह घर में अकेली थी तभी शिक्षक एक कोल्ड ड्रिंक लेकर आया और उसने उसे पिला दिया। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला होने से वह बेहोश हो गई तभी उसने उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली तथा बेहोशी की हालत पर छोड़कर भाग गया। जब पीड़िता के पिता आए तो पूरी घटना बताई। आरोपी शिक्षक द्वारा उसे तथा उसके पिता को धमकी दी गई कि अगर उसने इसकी शिकायत की तो वह अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। इसी असमंजस के चलते समय निकलता रहा, उसने दुबारा इस वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ 376, 328, 504, 506, तथा 3/4 पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# जालौनी माता में थानाध्यक्ष ने कराया भंडारा

संवाददाता कुठौंद जालौन


जालौनी माता।


भंडारे के दौरान प्रसाद वितरण करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र माह के पावन अवसर पर मां भगवती के दरबार में जालौन देवी मन्दिर पर कुठौंद थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा भांडारा कराए जाने को लेकर लोगो में भी चर्चा का विषय बना रहा ग्रामीणों ने पुलिस के इस कार्य की जमकर सराहा, पुलिस द्वारा धार्मिक कार्यों में रुचि लेना कही न कही बड़े बदलाव को दर्शा रहा है कुठौंद पुलिस द्वारा भी बड़े आदर सद्भाव के साथ लोगो को प्रसाद ग्रहण करवाया गया जालौन देवी मन्दिर पर पुलिस द्वारा पहली बार इतने बड़े स्तर पर भंडारा का आयोजन किया गया पुजारी सर्वेश दुबे और मदन शुक्ला ने बताया कि पुलिस द्वारा पहली बार धार्मिक कार्य किया गया जिसके चलते पुलिस की छवि में सुधार और लोगो का जुडाव देखने को मिला माता रानी की कृपा से ही सारे कार्य संभव होते है इस मौके पर विपिन दिवेदी कनही सिंह राजकुमार निगम शिवम राणा सर्वेश कुमार समाज सेवी पदम जीत सिंह गोपाल गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### नवरात्र: माता के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

**उरई।** नवरात्र के दिनों में जालौन जनपद की सिद्धपीठ जालौनी माता के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को भी सुबह से माता के दर्शनों के लिए जालौन, कोंच, अकबरपुर, झांसी आदि स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। बता दें कि नवरात्रि के दिनों में यहां भारी संख्या में भक्तों का रेला रहता है। मां जयंती देवी जलौनी माता की स्थापना पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान करवाई गई थी। प्राचीन मंदिर होने के कारण यहां से लोगों की विशेष आस्था जुड़ी है।

## सार-संक्षेप

### गौशाला का नहीं हो पा रहा निर्माण

**जालौन।** विकासखंड के ग्राम कुठौंदा बुर्जुग में सचिव, बीडीओ तथा प्रधान की हठ धर्मिता के चलते गौशाला तथा व्यायाम शाला का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिसकी शिकायत समाज सेवी ने जिलाधिकारी से की है। ग्राम बुर्जुग निवासी समाजसेवी गजेंद्र सिंह ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने कईबार उच्च अधिकारों से शिकायत की जिसके बाद गौशाला तथा व्यायाम शाला की जगह निश्चित हो गई। आरोप लगाया कि सचिव की हठ धर्मिता के चलते निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिसकी चलते गांव के लोगों को आवारा जानवरों से निजात नहीं मिल पा रहा है वहीं व्यायाम शाला ना होने से युवाओं को खेलकूद का मौका नहीं मिल पा रहा है उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की उनके गांव की समस्त शिकायतों का समाधान शीघ्र किया जाए।

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोप

**जालौन।** पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। ग्राम ऐदलपुर निवासी धीरज चतुर्वेदी पुत्र राम शंकर ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसको मोहित, सुमित, शोभित, तथा शिवकुमार ने पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर गाली गलौज की जब उन्हें गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर दी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


कचरा बीनते नाबालिग। अमृत विचार

### कचरे के ढेर में 'भविष्य' तलाश रहे नाबालिग

**उरई।** जिला मुख्यालय उरई में सुबह होते ही दर्जनों की संख्या किशोर अपने परिवार का भरणपोषण करने के लिए कूड़े के ढेर में नजर आते हैं। जबकि सरकार द्वारा ऐसे किशोरों को शिक्षित करने के लिए स्कूलों में मुफ्त शिक्षा के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाये जाने के लिए इसकी सारी जिम्मेदारी जिला श्रम अधिकारी को सौंपी है। ऐसे कूड़ा बीनने वाले नाबालिग बच्चों को चिंहित कर शिक्षा देने का काम करने के सरकार के सख्त निर्देश है, ऐसे बच्चों से काम करवाने वाले माता-पिता के खिलाफ कार्रवाई करने का भी प्रावधान है। नाबालिग बच्चे कचरा बीनने के लिए मजबूर हैं। बताया कि उनके पिता शराब पीने के आदी है, मेहनत मजदूरी कर जो भी कमाते हैं उसकी वह शराब पी लेते है, मां स्वास्थ्य खराब रहता है, घर में बीमार मां, एक बहन तथा खुद के खाने के गुजारे के लिए कचरा बीनकर 40 से 50 रुपये कमा लेता है।

# बसपा प्रत्याशी ने गरौठा क्षेत्र का समर्थकों के साथ किया दौरा

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन


समर्थकों के साथ प्रचार करते बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम। अमृत विचार

- बसपा सुप्रीमो मायावती की जनकल्याणकारी नीतियों का किया गुणगान

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी से जालौन-गरौठा एवं भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम ने बसपा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में गरौठा विधानसभा अध्यक्ष उदयवीर दोहरे नन्ना, जितेन्द्र दोहरे, हीरालाल चौधरी, महेश कुशवाहा, रामसनेही बाबूजी, आदेश कुमार भंते, संजय आजाद, बृजेन्द्र राजपूत, जीतू, विजय, संजय कुमार सहित दर्जनों बसपाजनों के साथ लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा गरौठा के कस्बा पूंछ, मोठ, गुरसराय, एट, सेसा, गरौठा आदि जगहों पर पहुंचकर बसपा सुप्रीमो मायावती की जनकल्याणकारी नीतियों को मतदाताओं के समक्ष रखकर वोट देने की अपील की। इस दौरान बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि देश में बढ़ती जा रही महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, गरीबों के अलावा दलित समाज की समस्याओं को हल किया जाएगा। भ्रमण के दौरान आम जनता ने उनका स्वागत किया।

# आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति हुई ठप

संवाददाता कालपी(जालौन)

- सब्जी मंडी स्थित नलकूप नंबर 12 व 2 से पानी सप्लाई होने वाले इलाकों में हुई समस्या

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगरीय पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। नगर के दो अलग-अलग स्थानों में नलकूपों में खराबी आने के कारण आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। बढ़ती गर्मी के चलते पेयजल नालाकूपों में खराबी आ गई है, जिससे मोहल्लेवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। नगर में जलापूर्ति करने के लिए अलग-अलग स्थानों में जल संस्थान के 15 नलकूप स्थापित हैं। जलसंस्थान के परिसर में स्थित नलकूप नंबर-2 से 10 लाख लीटर के क्षमता वाली ओवरहैंड पानी की टंकी को भरा जाता है, साथ ही हरीगंज, राजघाट, मिर्जामंडी आदि मोहल्ले में भी जलापूर्ति होती है। विगत 11 अप्रैल को नलकूप नंबर दो की 35 एचपी की बिजली की मोटर जल गई, जिससे नलकूप का संचालन ठप्प हो गया है। नलकूप बन्द हो जाने से उक्त मोहल्लों में जलापूर्ति ठप्प हो गई, साथ ही ओवरहैंड भी नहीं भर पा रहा है। अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन पर नलकूप की मोटर को बदलने का काम शुरू कराया गया है। इसी प्रकार शनिवार की दोपहर को बंदरों की उछालकूद से हाईटेंशन लाइन में फाल्ट हो गया, जिससे सब्जी मंडी स्थित नलकूप नम्बर-12 में खराबी आ जाने से राजेपुर आदि मोहल्ले में आपूर्ति व्यवस्था ठप हो गई है।

## गाली-गलौज कर महिला से मारपीट

**जालौन।** मोहल्ले के ही युवकों द्वारा गाली-गलौज तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में की। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला चमन दुबे निवासी मांडवी देवी पत्नी स्व. रिंकू ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके मोहल्ले के ही सद्दाम पुत्र अकरम अपने तीन अन्य साथियों के साथ आए और गाली-गलौज करने लगे। जब उसने उन्हें गाली देने से मना किया तो उन लोगों ने महिला के मारपीट शुरू कर दी। महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग आ गए, जिससे उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए।

नवाचार | रथ को सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, घर व मंदिर से लेगा सामग्री

# पूजा सामग्री एकत्रित करेगा निर्माल्य विसर्जन रथ

कार्यालय संवाददाता उरई



निर्माल्य विसर्जन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जालौन के जिला मुख्यालय उरई में घरों व मंदिरों से निकलने वाली पूजा सामग्री को एकत्र कर सुरक्षित स्थान पर विसर्जित करने का बीड़ा निर्माल्य विसर्जन रथ ने उठाया है। कार्य की शुरुआत शनिवार को सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर निर्माल्य रथ को रवाना किया।

इस अभियान का संचालन करने वाली साधना अग्रवाल पत्नी कुलदीप अग्रवाल ने बताया जल स्रोतों को बचाने और नदी तालाब को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यह एक अनूठी पहल की गई है, हफ्ते में तीन दिनों तक शहर के अलग-अलग मोहल्लों और मंदिरों की पूजन सामग्री को विशेष वाहन के माध्यम से एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर विसर्जित किया जाएगा। जिससे नदियों, तालाबों और देवालयों को स्वच्छ और सुंदर रखा जा सकेगा। उन्होंने लोगों से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि भक्तजनों की अपेक्षा के अनुरूप एकत्रित की गई हवन व पूजा सामग्री को किसी पूज्य स्थल पर ही विसर्जित किया जायेगा। इस अवसर पर राम किशोर अग्रवाल, प्रेमचंद्र अग्रवाल उर्फ पिंटू सेठ, महेंद्र अग्रवाल, धीरेन्द्र अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, हरेंद्र विक्रम, अनिल बहुगुणा, गिरीश चतुर्वेदी, अमित समाधिया, आकाश अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, प्रमोद ठेकेदार, हर्ष अग्रवाल, कदीर खान, पुष्पा अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, नीलमणि, साक्षी, प्रिन्सी, राधा अग्रवाल, मौजूद रही।

# आंबेडकर जयंती आज सुबह करेंगे माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, उरई


आंबेडकर प्रतिमा।

**अमृत विचार।** चुनाव बैतरणी पार करने के लिए जनप्रतिनिधि आंबेडकर की शरण में जाते दिख रहे हैं। 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती है, जिसके लिए सभी राजनीतिक दल और लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों में होड़ इस बात की लगी हुई है कि डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा की पूजा अर्चना तथा माल्यार्पण पहले कौन करेगा। ईडी गठबंधन के समाजवादी प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के साथ आप पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बकायदा डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की जयंती पर प्रतिमा के माल्यार्पण का बकायदा समय पहले से निर्धारित कर दिया है। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने इसके लिए रविवार सुबह 8.30 बजे का कार्यक्रम तय किया है। आम्बेडकर चौराहा उरई पर पहुंच कर माल्यार्पण करेंगे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम इंद्रजीत से बदलकर इंद्रजीत चौहान रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–इंद्रजीत चौहान पुत्र भगवान दास, निवासी– ग्राम– बरसीपार छावनी टोला, पोस्ट चकोरवा बघेर दास, जिला देवरिया**

**सूचना**

सूचित हो कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र का नाम आर्यन पुत्र सतीश दर्ज है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम आर्यन कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम आर्यन कुमार ही सही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट दतावली, इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र अभी पुत्र सतीश कुमार दर्ज है। जबिक वास्तविक एवं सही नाम अभी कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम अभी कुमार ही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– ग्राम व पोस्ट दतावली इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सावित्री देवी पत्नी पूर्णमाशी निवासिनी–ग्राम मेंहदीपुर, ब्लाक हरख, तहसील नवाबगंज, जनपद–बाराबंकी** मेरे आधार कार्ड जिसका नम्बर–8798 7233 6367 में मेरा नाम त्रुटिवश प्रेमा देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सावित्री देवी है। यहकि सावित्री देवी व प्रेमा देवी दोनों नाम स्वंय अर्थात मेरे है अन्य कोई दूसरी महिला इस नाम की नहीं है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सावित्री देवी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र शेख असफाक हुसैन एवं पुत्रवधू नाज फातिमा के गलत कार्य व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी कार्य एवम् लेन–देन के प्रति मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–जुवेद अहमद पुत्र सफदर अली निवासी–587ए/307, गाँधी नगर ई–ब्लॉक, तीसरी गली, तेलीबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226002**

